श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 190, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 8 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

स्वदेशी अपना रहे देशवासीः मोदी

● भारत 'स्वदेशी' के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहाः मोदी, देश कह रहा है भ्रष्टाचार, वंशवाद, तुष्टीकरण भारत छोड़ो, प्रधानमंत्री ने भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष पोर्टल लॉन्च किया

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को भारत मंडपम में नौंवे राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्वदेशी के उपयोग से नई क्रांति का गवाह बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है! प्रधानमंत्री ने इस मौके पर भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष का ई-पोर्टल भी लॉन्च किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम भारत मंडपम में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहे हैं, जिसका हाल ही में उद्घाटन किया गया था। प्राचीन से आधुनिक का यह संगम आज के भारत को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि भारत के जीवंत हथकरघा देश की विविधता के उदाहरण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वदेशी आंदोलन आज ही के दिन 1905 में शुरू हुआ था। यह एक बड़ा कारण था कि हमारी सरकार ने आज के दिन को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया।

उल्लेखनीय है कि 2015 में पहला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया था। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देशवासियों से आगामी त्योहारों में स्वदेशी उत्पादों की खरीद को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में रक्षाबंधन का पर्व आने वाला हैं, गणेश उत्सव आ रहा है, दशहरा, दीपावली, दुगापूर्जा इन पर्वों पर हमें अपने स्वदेशी के संकल्प को दोहराना ही है।

प्रधानमंत्री ने एक बार फिर भ्रष्टाचार, वंशवाद और तुष्टीकरण को देश से बाहर खदेड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, देश कह रहा है भ्रष्टाचार भारत छोड़ो, वंशवाद भारत छोड़ो, तुष्टीकरण भारत छोड़ो। उन्होंने कहा, 9 अगस्त को महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। बापू ने अंग्रेजों को साफ-साफ कह दिया था कि भारत छोड़ो और अंग्रेजों को इंडिया छोड़ना ही पड़ा था। जो मंत्र अंग्रेजों को खदेड़ सकता था वह मंत्र हमारे यहां भी ऐसे तत्वों को खदेड़ने का कारण बन सकता है। प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर खादी की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जो वस्त्र उद्योग पिछली शताब्दियों में इतना ताकतवर था, उसे आजादी के बाद फिर से सशक्त करने पर उतना जोर नहीं दिया गया।

'देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे'

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं, ये एक जनआंदोलन बन गया है। उन्होंने कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे ग्लोबल प्लेटफॉर्म भी प्रदान कर रहा है! उन्होंने कहा कि आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के तहत हर जिले में वहां के खास उत्पादों को प्रमोट किया जा रहा है। देश के रेलवे स्टेशनों पर भी ऐसे उत्पादों की बिक्री के लिए विशेष स्टॉल बनाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की तरह पूरे देश में एकता मॉल स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

मोदी सरकार में सीमा पर बुनियादी ढांचे मजबूतः विदेश मंत्री

नई दिल्लीः विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि मोदी सरकार उत्तरी सीमा सहित सीमावर्ती बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं को मजूबत किया जा रहा है।

पड़ोसियों का साथ कनेक्टिविटी बढ़ा रहा भारतः विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उत्तरी सीमा पर बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने से राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों पर भारत की प्रतिक्रिया तय होगी। उन्होंने कहा कि भारत बांग्लादेश, नेपाल



और भूटान के साथ कनेक्टिविटी बढ़ा रहा है। भूटान और असम के बीच रेल लिंक पर बातचीतः विदेश मंत्री ने कहा कि हम भूटान और असम के बीच रेल लिंक पर बातचीत कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट में बिहार के जाति आधारित सर्वे पर 14 अगस्त को सुनवाई

नई दिल्ली सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति आधारित सर्वे पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने पटना हाई कोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। मामले की अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सुनेगा। याचिकाकर्ता अखिलेश कुमार समेत दूसरे याचिकाकताओं ने पटना हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

कांग्रेस, चीन, और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैंः अनुराग ठाकुर

नई दिल्लीः केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस, चीन और न्यूज क्लिक राष्ट्रविरोधी गर्भनाल से जुड़े हुए हैं। राहुल गांधी की नफरत की दुकान में चीनी सामान साफ देखा जा सकता है। चीन के प्रति उनका प्रेम देखा जा सकता है। वे भारत विरोधी अभियान के साथ खड़े हैं। सोमवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाया कि न्यूज

क्लिक चाइना के नैरेटिव को बनाने में लगा हुआ है और इसके समर्थन में कांग्रेस पार्टी खड़ी हुई है। न्यूज क्लिक फ्री न्यूज के नाम पर फेक न्यूज बांटने का काम कर रही है। देश में झूठ फैलाने का काम कर रही थी, इसको चीन सहित कई माओवादी संगठन से फंडिंग मिल रही थी। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से सवाल पूछा कि पार्टी को देश को बताना चाहिए कि न्यूज क्लिक जैसे मीडिया संस्थान से जुड़ने की क्या मंशा थी, क्यों वे टुकड़े- टुकड़े गैंग के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि साल 2021 में केन्द्र सरकार ने न्यूज क्लिक को बेनकाब किया कि कैसे विदेशी दुष्प्रचार भारत के खिलाफ है। भारत विरोधी इस अभियान में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल उनके समर्थन में आए। चीनी कंपनियां मुगल नेविल रॉय सिंघम के माध्यम से न्यूज क्लिक को फंडिंग कर रही थीं।

अविश्वास प्रस्तावः आज लोकसभा में बोलेंगे राहुल

नई दिल्लीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता ऐसे समय में बहाल हुई है, जब मंगलवार को संसद में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस के लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। ऐसे में इस बात की ज्यादा संभावना है कि राहुल लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर बहस की शुरूआत कर सकते हैं। उधर,पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी ने उनकी लोकसभा में वापसी का स्वागत किया और कहा कि देश की जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होते ही यहां कांग्रेस मुख्यालय में जश्न शुरू हो गया और कार्यकर्ता नाचने लगे और पूर्व पार्टी प्रमुख के पक्ष में नारे लगाने लगे। लोकसभा सदस्यता बहाल होने के बाद संसद पहुंचने पर कांग्रेस और अन्य विपक्षी सांसदों ने भी राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के संसद पहुंचने के वीडियो को ट्वीटर पर पोस्ट करते हुए लिखा, जनता के असल मुद्दों की आवाज एक बार फिर संसद में गूंजेगी। राहुल गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने वाले लाखों ।

शाह से मिलेंगे मणिपुर आदिवासी निकाय के नेता

आइजोलः मणिपुर के एक प्रभावशाली आदिवासी समूह के प्रतिनिधि सोमवार को दिल्ली आएंगे। यहां वह केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा बुलाई गई बैठक में हिस्सा लेंगे। सूत्रों के अनुसार, मणिपुर में विभिन्न जो जातीय समूहों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने शाह द्वारा दिए गए निमंत्रण का जवाब दिया।

आईटीएलएफ नेता ने जताई उम्मीदः आईटीएलएफ नेता मणिपुर के चुराचांदपुर से मिजोरम की राजधानी पहुंचे और यहां के पास लेंगपुई हवाई अड्डे से दिल्ली के

लिए उड़ान भरेंगे। मुख्यमंत्री जोरमथांगा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उम्मीद जताई कि बातचीत के जरिए कुछ सही नतीजे निकलेंगे। उन्होंने कहा कि आईटीएलएफ नेताओं ने 4 अगस्त को दिन भर चर्चा की और निमंत्रण का जवाब देना है या नहीं, इस पर उनसे सलाह ली।

आईटीएलएफ नेता अमित शाह से मिलने के लिए सहमतः जोरमथांगा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा, 'मैंने सुझाव दिया कि वे निमंत्रण स्वीकार करें। मैंने उनसे कहा कि यह गृह मंत्री के साथ आमने-सामने चर्चा करने का एक अच्छा अवसर है।'गहन विचार-विमर्श के बाद, आईटीएलएफ नेता सर्वसम्मति से अमित शाह से मिलने के लिए सहमत हुए।

पहले भी दिया गया था निमंत्रणः उल्लेखनीय है कि, शाह ने पहले समूह को मणिपुर की स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में उनके साथ बैठक करने का निमंत्रण दिया था। बार-बार प्रयास करने के बावजूद, आईटीएलएफ के नेताओं से टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं किया जा सका। मई में मणिपुर में कुकी और मेइतीस के बीच जातीय संघर्ष शुरू हुआ और पिछले तीन महीनों से जारी है।

'हिम्मत है तो बिलकिस से राखी बंधवाएं बीजेपी नेता'

महाराष्ट्रः महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी के एनडीए सांसदों को मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवाने को कहने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए, उद्धव ठाकरे ने कहा, "अगर आपमें हिम्मत है, तो बिलकिस बानो से राखी बंधवाईए।" मुंबई में पार्टी और संभाजी ब्रिगेड के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा, "मैं आपको बताना चाहता हूं कि एनडीए की बैठक में क्या हुआ, एनडीए के सांसदों को पीएम मोदी ने क्या बताया। उन्होंने कहा, इस बार मुस्लिम महिलाओं के साथ रक्षा बंधन का त्यौहार मनाएं, मुस्लिम महिलाओं को राखी बांधने दें।

मणिपुर की बहनों से राखी बंधवाएंः पीएम मोदी और बीजेपी पर तंज कसते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें मणिपुर में भी बहनों से राखी बंधवानी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने कहा, "...मणिपुर की बहनों के बारे में भी सोचें और उनसे राखी बंधवाएं।" "बिलकिस बानो से राखी बंधवाओ, ऐसा रक्षा बंधन मनाओ। जब बिलकिस बानो के साथ दुष्कर्म हुआ तब वह गर्भवती थी।

गुजरात सरकार ने मामले के सभी दोषियों को रिहा कर दिया। अगर हिम्मत है तो बिलकिस बानो से राखी बंधवाओ।" उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इंडिया विपक्षी गठबंधन का मजाक उड़ाने पर कहा कि इंडिया गठबंधन में वे पार्टियां शामिल हैं जो लोकतंत्र और स्वतंत्रता का गला घोंटने वालों का विरोध करती हैं। उन्होंने पूछा "जब पीएम मोदी विदेश में विदेशी नेताओं से मिलते हैं तो हमें गर्व महसूस होता है।

कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के जवाब को स्वीकारा

चीतों की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने बंद की सुनवाई

नई दिल्लीः मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के जवाब को स्वीकार किया। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले में दाखिल नई अर्जी का निस्तारण कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों की लगातार हो रही मौत पर चिंता जताई थी। सुनवाई के दौरान जब केंद्र सरकार ने बताया कि अब तक आठ चीतों की मौत हो चुकी



है, तब कोर्ट ने चीतों की मौत पर चिंता जताई थी। 20 जुलाई के बाद एक और चीते की मौत हो गई थी। केंद्र ने कहा कि 20 में से 8 चीतों की मौत हुई है। चीतों को नई जगह पर बसाने के दौरान 50 फीसदी तक की मौत को सामान्य माना जाता है।

संसद पहुंचे राहुल गांधी, कांग्रेस सहित 'इंडिया' घटक

नई दिल्लीः कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता बहाल किए जाने के बाद वह सोमवार को संसद भवन पहुंचे। जहां कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के संगठन 'इंडिया' के सांसदों ने उनका स्वागत किया।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद पहुंचते ही परिसर में स्थित गांधी प्रतिमा को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद वह कार्यवाही में शामिल होने के लिए लोकसभा पहुंचे। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा पर सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाए जाने के बाद ।

उच्च शिक्षा संस्थानों में मिशन मोड में हो रही भर्तियां

नई दिल्लीः केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों में खाली पदों को केंद्र सरकार तेजी से भर रही है। केंद्र सरकार ने सदन को सोमवार को बताया कि मिशन भर्ती अभियान के तहत 10 महीनों में केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों में 13,000 से अधिक रिक्तियां भरी गई हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी है।

मिशन मोड में काम कर रहे संस्थानः उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में रिक्तियों का होना और उन्हें भरना एक निरंतर प्रक्रिया है। रिक्तियां सेवानिवृत्ति, इस्तीफे और बढ़ी हुई छात्र संख्या के कारण अतिरिक्त आवश्यकताओं के कारण उत्पन्न होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने सभी केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों को मिशन मोड में खाली पदों को भरने का निर्देश दिया है।

सिर्फ दस माह में भरे गए 13371 खाली पदोंः शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि तीन अगस्त तक मिशन भर्ती अभियान के तहत सिर्फ 10 माह के दौरान केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों में कुल 13371 खाली पदों को भरा गया है।

प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी होगा आयोजन

'पंच प्रण' की शपथ दिलाएगी यूपी सरकार

लखनऊः उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने स्वतंत्रता दिवस संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन का आगाज वृहद स्तर पर करने की तैयारी पूरी कर ली है। भारत के सभी राज्यों में फिलहाल आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, ऐसे में, केंद्र सरकार की 'मेरी माटी, मेरा देश' और 'हर घर तिरंगा' अभियान को उत्तर प्रदेश में भी बड़े स्तर पर आयोजित करने की रूपरेखा तय कर रखी है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इन कार्यक्रमों की शुरूआत 9 अगस्त से वृहद स्तर पर होगी और पहले चरण में 'पंच प्रण' के जरिए स्वाधीनता की अलख पूरे प्रदेश में

जगाई जाएगी। यह आयोजन कितना वृहद होगा इसका अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के सभी गांवों, ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, ब्लॉक, छावनी, परिषदों, सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, निगमों समेत औद्योगिक व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी सभी लोग 'पंच प्रण' से संबंधित शपथ लेंगे और देश व प्रदेश की उन्नति के लिए प्रतिबद्धता दशार्ने के साथ ही देश की स्वतंत्रता के अब तक के सफर को लेकर गर्व के भाव की अनुभूति कर सकेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा सभी सरकारी विभागों समेत हर स्तर पर निर्देश दिए जा चुके हैं। साथ ही, सभी सरकारी विभागों को भारत सरकार की वेबसाइट ॅ्रीं्रॅ्रीं१ीं१ॅ्रॅ्ङ्म५ल्ल पर संबंधित सेल्फी अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। यह आयोजन किस प्रकार होना है इसके लेकर भी पहले ही विस्तृत कार्ययोजना व निर्देश मुख्य सचिव द्वारा दिए जा चुके हैं।

मणिपुरः बीजेपी सरकार से कुकी पीपुल्स एलायंस ने वापस लिया समर्थन

इंफालः कुकी पीपुल्स एलायंस ने रविवार को मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। केपीए मणिपुर में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए का हिस्सा थी, दो विधायकों वाली पार्टी ने कहा कि वह एन.बीरेन सिंह सरकार से समर्थन वापस ले रही है। केपीए के अध्यक्ष टोंगमांग हाओकिप ने रविवार को एक बयान में द इंडियन एक्सप्रेस ने बताया, "मौजूदा टकराव पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन

सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर की मौजूदा सरकार को समर्थन देना अब सार्थक नहीं है। मणिपुर सरकार को केपीए का समर्थन वापस लिया जाता है और इसे अमान्य माना जा सकता है।"

खबर संक्षेप

फर्जी नियुक्ति पत्र थमाकर 12 लाख हड़पे

प्रयागराज। कर्नलगंज में नौकरी के नाम पर छह बेरोजगारों से 12 लाख रुपये हड़प लिए गए। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय से संबद्ध बताकर एक समिति का फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया गया। सच्चाई सामने आने पर रुपये वापस मांगने पर भुक्तभोगियों को धमकाया गया। मामले में पिता-पुत्र समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।धर्मप्रकाश ओम गायत्री नगर सादियाबाद कर्नलगंज का रहने वाला है। उसने पुलिस को बताया कि परिचित सुरेश कुमार निवासी विदा- आसेपुरा, अनंत, सुधा सिंह, सुनीता कुशवाहा, शुभम कुशवाहा व शिवम कुमार कुशवाहा से लेकर 12 लाख रुपये पुरुषोत्तम लाल, उसके बेटे अवकाश व पुष्पेंद्र कुमार को दिए। आरोपियों ने नौकरी लगवाने के नाम पर रकम ली। शैक्षणिक प्रमाण पत्र व फोटो भी लिए।कुछ दिनों बाद घर पर आकर सभी को नियुक्ति पत्र दिए जो भारतीय ग्रामीण क्षेत्र ग्रामोद्योग विकास समिति, द्वारा सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के नाम से था। जब नियुक्त पत्र लेकर सभी समिति में पहुंचे तो पता चला कि यह फर्जी है। जब आरोपियों से रुपये वापस मांगे गए तो गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। आरोप है कि जानकारी पर पता चला कि इन लोगों ने काफी लोगों से नौकरी के नाम पर रुपये लिए हैं। इनके खिलाफ थाना थरवई में दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

नैनी का हिस्ट्रीशीटर पप्पू गंजिया को अजमेर राजस्थान से एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

अरतीक अहमद गैंग का सक्रिय सदस्य और 50 हजार का था इनामी, अजमेर राजस्थान में काट रहा था फरारी

अखंड भारत संदेश

नैनी। नैनी का रहने वाला हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया को स्पेशल टास्क फोर्स ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह अजमेर राजस्थान में छिपा हुआ था। काफी समय से नैनी में रंगदारी समेत करीब दो दर्जन मुकदमों में वांछित चल रहा था। एसटीएफ एएसपी नवेंदु कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज फील्ड इकाई को काफी समय से उसकी तलाश थी। उसपर नैनी में रंगदारी का अभियोग अपराध संख्या 257/2022 धारा 386/323/504/506 क्ढउ दर्ज था। वह फरार चल रहा था। वह आईएस गैंग-227 का सक्रिय सदस्य है। मोहम्मद जावेद उर्फ पप्पू गंजिया पुत्र हिफाजत अली उर्फ फतेह मोहम्मद निवासी जहांगीराबाद गंजिया थाना नैनी जनपद प्रयागराज का निवासी है। उसे अजमेर राजस्थान से रविवार की सुबह एसटीएफ टीम ने नोएडा एसटीएफ टीम के साथ मिलकर गिरफ्तार किया है। अजमेर में दाखिल कर ट्रांजिट रिमांड की कार्यवाही की जा रही है। ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद उसे प्रयागराज लाया जाएगा।

अभियुक्त पप्पू गंजिया पर हत्या लूट आदि गंभीर धाराओं में दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सपा नेता और हिस्ट्रीशीटर पप्पू गंजिया पर प्रयागराज पुलिस ने ईनामी राशि रविवार को 25 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी थी। यमुनानगर के नैनी कोतवाली समेत विभिन्न थानों में दज्ज ज्यादा मामलों में नामजद मो. जावेद उर्फ पप्पू गंजिया पुलिस रिकॉर्ड में फरार चल रहा है। उसके खिलाफ नैनी कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 257/2022 अंतर्गत धारा 386, 323, 504, 5?6 आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज है। उस पर पुलिस प्रशासन की तरफ से 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इनाम की उस धनराशि को बढ़ाकर 50 हजार रुपए कर दिया गया है। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर संतोष कुमार मीणा के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र की गंजिया गांव निवासी मो. जाविद उर्फ पप्पू गंजिया पुत्र हिफाजत अली मजारिया हिस्ट्रीशीटर है। वह नैनी, औद्योगिक क्षेत्र, मुट्टीगंज समेत विभिन्न थानों में हत्या, जानलेवा हमले, धमकी, रंगदारी और भूमाफिया समेत कई मामलों में नामजद है।

जबरियन जमीन कब्जा करने की कोशिश, महिला का पेड़ काटा

मऊआइमा। भूमिधरी जमीन पर निर्माण करने पर दबंगों ने लाठी डंडा लेकर जान से मारने की धमकी दे कर भगा दिए। जबकि एक स्थान पर महिला के पेडों को काट डाले। दोनों ने थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीनपुर तिलई बाजार गांव निवासी दीपक कुमार पुत्र अशोक कुमार का कथन है कि उसके पिता के नाम ग्राम छाता नई बस्ती में जमीन है। जिसपर हमेशा से कब्जा दखल रहा है और खेती किसानी भी करता रहा है। दीपक कुमार का आरोप है कि वह पिता के नाम की जमीन पर निर्माण कार्य करवा रहा था कि तभी गांव के दबंग एकत्रित हो कर लाठी डंडा लेकर निर्माण कार्य रूकवा दिए जान से मारने की धमकी देते हुए कहे कि अपनी जमीन भूल जाओ। आरोप है कि दीपक कुमार को मार डालने की नीयत से दौडा लिए वह किसी तरह जान बचाया। दीपक कुमार का आरोप है कि उसकी भूमिधरी पर दबंग कब्जा करना चाहते हैं। दीपक कुमार ने मऊआइमा थाने में चार नामजद पन्द्रह अज्ञातों के खिलाफ तहरीर दी है पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। उधर ग्राम परमानंदपुर निवासनीय केवला देवी पत्नी स्वर्गीय अलगू यादव का आरोप है कि उसके पडोसी गुंडई से उसके आधा दर्जन पेड काट कर धराशायी कर दिए।तथा सेहन दरवाजे पर मेड बांध दिए। केवला देवी का आरोप है कि कहीं शिकायत पर मारने की धमकी दे रहे हैं।केवला देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

देखरेख के अभाव में ऊंचडीह गौ आश्रम में गायों दम घुट रहा

टैग लगाये गाय लावारिश अवस्था में गौ आश्रम से कुछ दूर सड़क किनारे अपनी हालत बयां करतीं

मांडा। विकास खण्ड मांडा क्षेत्र के अंर्तगत ग्राम पंचायत उचडीह में विगत वर्षो से संचालित गौआश्रम शो पीस बन कर रह गया हैं जहां उत्तर प्रदेश सरकार गौ सेवा को लेकर तत्पर हैं वही जिम्मेदार अधिकारी गौ सेवा के नाम पर ठेंगा दिखा रहे है मांडा क्षेत्र के उचडीह ग्राम पंचायत में चारा,पानी के साथ देखरेख के अभाव में टैंग लगे गाय लावारिश अवस्था में गौ आश्रम से लगभग दो मीटर दक्षिण सड़क के किनारे दम घुट रही हैं और उनका कोई सुध लेने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि गौ आश्रम में चारा, पानी शो पीस के लिए रखा गया है लेकिन गायों को जंगलों पहाड़ों पर चरने के लिए छोड़ दिया जाता हैं। जिससे कमजोर गाय लावारिश अवस्था में जहां तहां देखरेख के अभाव में दम घुट रहे हैं। ग्राम पंचायत के सहमति से गौ आश्रम पर पांच लोगों को देख रेख के लिए रखा गया है। फिर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से गाय लावारिश अवस्था में हैं।

मेजा में गौ आधारित प्राकृतिक खेती के बताए गए फायदे, सैकड़ों किसानों ने सीखे गुर

अखंड भारत संदेश

मेजा। मेजा क्षेत्र में कृषि विभाग ने सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें किसानों को गौ आधारित प्राकृतिक खेती करने की विस्तार से सम्पूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में दर्जनों की संख्या में क्षेत्रीय किसान शामिल हुए।सोमवार को मेजा खास के ग्राम पंचायत भवन में कृषि विभाग द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक खेती कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों की संख्या में शामिल हुए किसानों को प्रशिक्षक खंड तकनीकी प्रबंधक मनोज कुमार दुबे द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक खेती करने के तरीके व फायदे बताए गए।श्री दुबे ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती में अंतर को समझाते हुए, वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि भारत सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रोत्साहन दे रही है। प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य, अग्नि अस्त्र, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क, सप्त धान्यांकुर आदि को बनाने तथा उसकी भंडारण क्षमता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।इसके अलावा पलेवा के समय तथा खड़ी फसल में जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य; फसल पोषण

हेतु सप्त धान्यांकुर बीज उपचार हेतु बीजामृत एवं रोगों तथा कीटों से बचाने हेतु अग्नि अस्त्र, ब्रम्हास्त्र, नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने किसानों को बताया कि मृदा में रहने वाले जीवाणु, जो मिट्टी से पोषक तत्वो को पौधो को उपलब्ध कराती है।उन्हीं जीवाणुओं को प्राकृतिक खेती द्वारा सशक्त किया जाता है। साथ ही इन जीवाणुओं की संख्या प्राकृतिक खेती द्वारा बढ़ाई भी जा सकती है।इस दौरान मंगला गुप्ता,मुमताज अली,मुन्नीलाल यादव,शंकरलाल प्रजापति,गणेश प्रजापति,शिवशंकर प्रजापति,अमरनाथ,मौनी,गुलाब काली और हाफिज उल्ला आदि मौजूद रहे।

रिश्तेदारों को फंसाने के लिए युवक ने खुद पर कराया था बम से हमला, पुलिस ने दबोचा

प्रयागराज। करेली में अमन उर्फ अंशु नाम के युवक पर बम से हमले की वारदात में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। पुलिस का दावा है कि इस वारदात की साजिश खुद अमान ने ही रची थी। ससुर और उसके रिश्तेदारों को फंसाने के लिए उसने खुद पर अपने दोस्त से बम से हमला करवाया था। पुलिस में अमान को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि हमला करने वाले उसके दोस्त की तलाश जारी है।तीन अगस्त को रात्रि करीब 9:30 बजे पिलर कॉलोनी के पास गौस नगर करेली में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने आशु उर्फ मोहम्मद अमान पर बम से हमला किया था। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। छानबीन के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर शक की सुई अमान पर ही गई तो पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। सख्ती से पूछताछ में वह टूट गया और कबूल कर लिया कि यह घटना उसने खुद ही कराई है। पूछताछ में बताया कि उसकी दूसरी पत्नी जैनब से उसका विवाद चल रहा है क्योंकि उसने उसकी बिना मर्जी के दूसरे व्यक्ति से शादी कर ली है। इसमें जैनब के परिवारवालों ने भी उसका साथ दिया। इसी बात को लेकर आपत्ति करने पर उसे जैनब के पिता, बहनोई तारिक निवासी रसूलपुर, करेली और रिश्तेदार कमाल, निवासी शाहगंज ने काफी बेइज्जत किया था। इसीलिए उनको फंसाने के लिए उसने राहिल नाम के युवक से कहकर यह घटना करवाई।

भारत बंद का आह्वान करते हुए निकाला विरोध जुलूस

बहुजन मुक्ति मोर्चा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकताओं ने की नारेबाजी

मणिपुर के दरिंदों को फांसी व समान नागरिक संहिता कानून वापस लेने की मांग

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के बैनर तले बहुजन मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकताओं ने भारत बंद का आह्वान करते हुए मणिपुर के दरिंदों को फांसी देने एवं समान नागरिक संहिता कानून को वापस करने की मांग करते हुए नारेबाजी की। भारत बंद जुलूस की अगुवाई कर रहे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मौर्य ने कहा कि मणिपुर घटना के दरिंदों को तत्काल फांसी एवं समान नागरिक संहिता कानून को वापस किया जाए अन्यथा राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद पूरे देश में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसी प्रकार रामअचल आदिवासी जिला सचिव राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद ने संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा सरकारें दलितों, पिछड़ों शोषित वंचित समाज के हक अधिकारों को छीनने का काम कर रही हैं।

जिसके लिए दलित आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। जुलूस में शामिल रहे कार्यकताओं ने यह आजादी झूठी है, देश की जनता भूंखी है, समान नागरिक संहिता कानून वापस लो, मणिपुर के दरिंदों को फांसी दो आदि नारे भी लगाए। इस दौरान वक्ताओं में प्रमुख रूप से धनवंती देवी राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ, शिवकली राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद महिला संघ, छोटकी आदिवासी, लालजी कुशवाहा तहसील प्रभारी राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जय कांत यादव जिला सचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, नयन कुमार पटेल तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, उमेश बौद्ध समेत कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। विरोध जुलूस में सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल रहे।

लालापुर क्षेत्र के तराई इलाके में पहुंचा यमुना का पानी

बाढ़ की विभाषिका देख चुके मझियारी गांव के लोग सहमें क्योंकि बाढ़ के पानी में यह टापू में बदल जाता है आने जाने का रास्ता भी बंद हो जाता है लोगों को बस नाव का ही सहारा होता है

अखंड भारत संदेश

लालापुर। उफनाई यमुना का जलस्तर धीरे धीरे तराई के गांवो में घुसने को बेकरार हो चुका है। यदि इसी गति से एक दो दिन यमुना में पानी का इजाफा हुआ तो कई गांव बाढ़ की आगोश में आ जाएंगे। जिससे लोगो को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। लालापुर क्षेत्र के पंडुआ, प्रतापपुर, भिलोर, सेमरी, नौढिया आदि गांवो में प्रति वर्ष यमुना का पानी पहुंचता है,लेकिन सबसे बुरा हाल मझियारी गांव का हो जाता है। बाढ़ के पानी के बीच टापू में बदल जाता है। ग्रामीणों को बाढ़ के समय नाव के सहारे ही आने जाने का एक मात्र सहारा रह जाता है। बाढ़ की स्थित को देखते हुए अभी तक शासन स्तर से कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही है। जिससे ग्रामीण सहमे हुए हैं।

एसडीएम करछना ने बाढ़ प्रभावित तटवर्ती क्षेत्रों का किया निरीक्षण

करछना। तहसील क्षेत्र के टोंस नदी के तटवर्ती क्षेत्रों का एसडीएम करछना राजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को दौड़ा करके बाढ़ से प्रभावित लोगों को सुविधा एवं राहत मुहैया कराए जाने की बात कही। ? टोंस नदी के किनारे स्थित मेड़रा देहली भगेसर महेवा कटका बाढ़ प्रभावित गांवो का उप जिला अधिकारी करछना ने सोमवार को बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत एवं सुविधा मुहैया कराए जाने के लिए संबंधित विभाग के लोगों को निर्देशित किया। उन्होंने स्कूलों में बाढ़ चौकी बनाए जाने व कोटेदारों से खाद्यान्न मुहैया कराए जाने आदि सुविधाओं के लिए भी आदेशित किया । इसके साथ ही साथ कचरी - पनासा मार्ग पर बाढ़ का पानी आ जाने से सोमवार से नाव की व्यवस्था कर दी गई है। लोग नाव से आवागमन करने लगे हुए हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों व सड़कों पर भरे पानी में स्कूली बच्चों के अभिभावकों से उप जिलाधिकारी करछना ने अपील की है कि ऐसे क्षेत्रों में बच्चों को न जाने दें।

मातहतों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

न्यूज झरोखा

मित्रता दिवस : दिया एक दूसरे को सहयोग का वचन

सहसों। अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के अवसर पर लोगों द्वारा एक दूसरे के प्रति हर सुख दुःख में आपसी सहयोग करते हुए अपनी सच्ची मित्रता निभाने का वचन दिया और लिया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के चंदरपुर उर्फ बसमहुआ गांव में रविवार को सायंकाल युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता शाश्वत अशोक तिवारी ने अपने आवास पर अपने पिता भाजपा नेता स्वर्गीय अशोक तिवारी के नए व पुराने मित्रों को चाय पार्टी पर बुलाकर सभी का हृदय से स्वागत करते हुए सबके साथ सहयोगात्मक दृष्टि से हमेशा एक दूसरे के सुख दुःख में तत्परता के साथ सहयोग करने का वचन दिया। चाय पार्टी पर आए नए एवं पुराने मित्रों ने भी हर समय साथ खड़ा रहने का वचन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चिंतामणि शुक्ला, गुड्डू तिवारी, विजय बहादुर, विकास सिंह, शोभा लाल तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, योगेश कुमार तिवारी, रविशंकर तिवारी, दयाशंकर मिश्र, देवता दीन यादव, डब्लू शुक्ला, वशिष्ठ मुनि तिवारी, जय सिंह, आनंद पंडित, मनोज तिवारी, कमलेश शुक्ला, आशीष पांडे, चंद्रमणि पांडे, विजय कुमार पांडे, राजेश मिश्र, विकास सिंह एवं जय सिंह सहित आदि मित्रगंण उपस्थित रहे।

मेजा में कृति पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन

मेजा। मेजा खास में सोमवार को त्रिपाठी स्टूडियो रूम में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने गीता काटकर कृति पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन किया।श्री तिवारी ने कहा कि कृति पैथोलॉजी क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी एक चिकित्सा व्यवस्था है जो रोगों के निदान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।सीएचसी मेजा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ समीम अख्तर ने कहा कि पैथोलॉजी का इतिहास एक आकर्षक यात्रा है।इसमें कोशिकीय और आणविक स्तरों पर रोगों के कारणों और प्रभावों का अध्ययन शामिल है। लैब संचालक शिवम ने बताया कि लैब में बीमारी से संबंधित खून,पेशाब की जांच की जाएगी।इस मौके पर प्रमुख रूप से दीपू तिवारी, रूपनारायण मिश्र,कमलेश मिश्र,अशोक मिश्र,संजय पटेल, बरमदीन सोनी, तौलन प्रसाद पटेल,अमित यादव,अनुराग विश्वकर्मा और उपेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

भरे बाजार उच्चके मोबाइल छीन हुए फरार

झूंसी। थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार एक युवक का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। कनिहार निवासी मोतीलाल केशरवानी पुत्र सच्चे लाल केशरवानी सोमवार को दिन में 3 बजे के करीब मोबाइल पर बात करते हुए बधवाताहिरपुर से अपने घर की ओर जा रहा था। तभी पीछे से आये बाइक सवार दो उच्चके मोती लाल का मोबाइल छीन कर भाग गए। भरे बाजार दिन दहाड़े हुई घटना से लोगो मे भय व पुलिस के प्रति आक्रोश है। लोगो की माने तो कुछ दिन पहले भी एक युवक के साथ मोबाइल छिनैती हुई थी।

शिक्षक संकुलों की कार्यशाला का हुआ उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सोमवार को सीमैट सभागार में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रयागराज के तत्वावधान में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक संकुलों की कार्यशाला का उद्घाटन हुआ। आज इस कार्यशाला में विकास खण्ड कौड़िहार, बहरिया एवं हंडिया के शिक्षक संकुलों ने प्रतिभाग किया। यह कार्यशाला सीमैट में 7 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगी, जिसमें प्रत्येक दिन 200 शिक्षक संकुलों के हिसाब से 1105 शिक्षक संकुलों को प्रशिक्षित किया जाना है। इसमें डायट प्राचार्य/ उप शिक्षा निदेशक राजेंद्र प्रताप ने शिक्षक संकुल की कार्यशाला की मूल भावना पर प्रकाश डाला। इस दौरान बोलते हुए सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि विकसित राष्ट्र बनाने में शिक्षा और शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षक संकुल बेस्ट प्रैक्टिसेज को आत्मसात करें। कार्यशाला के दौरान शिक्षक संकुलों को प्रेरित करने के लिए कुछ वीडियो क्लिप्स भी दिखाई गई जिसके सारांश पर बात करते हुए जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) राजीव त्रिपाठी ने कहा कि हमें अपने

शिक्षण संकुल बेस्ट प्रैक्टिसेज को आत्मसात करें : बीएसए

जज्बा और जुनून को बनाए रखना होगा तभी हम निपुण लक्ष्य हासिल कर सकेंगे।एसआरजी वंदना श्रीवास्तव एवं प्रशांत कुमार ओझा ने भाषा एवं गणित पर किए जाने वाले शिक्षक संदर्शिका के मूल बिंदुओं पर प्रकाश डाला एवं सुनील तिवारी ने शिक्षक संकुलों की बैठकों के प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने विचार रखे। डायट प्रयागराज के वरिष्ठ प्रवक्ता शिवनारायण सिंह, विपिन कुमार, डॉ राजेश कुमार पांडेय, निधि मिश्रा, डॉक्टर अंबालिका मिश्रा, ऋचा राय, अब्दुल मोहयी, पंकज कुमार यादव आदमी उपस्थित रहकर अपनी-अपनी भूमिका का निर्वहन किया। इस दौरान विकासखण्ड कौड़िहार के एआरपी प्रभाशंकर शर्मा, हंडिया से इंद्रजीत, एवं बहरिया से आदर्श चतुर्वेदी के साथ-साथ तकनीकी टीम में अंतरिक्ष शुक्ला ,शत्रुंजय शर्मा व शशिकांत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चला जागरूकता अभियान

मांडा। मांडा विकास खण्ड के बसकड़ी ग्राम पंचायत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से गांव में कार्यरत बीसी सखी के डिजिटल ट्रांजेक्शन के सम्बंध में किये गए कार्यक्रम का संचालन करते हुए खंड मिशन प्रबंधक विवेक तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओ में से ही एक प्रमुख योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन है जिसमे प्रत्येक ग्राम पंचायत से एक बीसी सखी का चयन किया जाना है जिसका प्रमुख कार्य बैंक से संबंधित समस्त कार्य ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाना है बीसी सखी एक प्रकार से छोटा बैंक है बीसी सखी के माध्यम से लोग अपना बीमा अपने घर पर रहकर ही कर सकते यदि कोई पेंशन का लाभ लेना चाहता है तो उसकी सुविधा उसे घर बैठे ही मिल सकती है। दस साल तक कि लड़कियों का घर बैठे सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ भी दिलाया जा सकता है पैसे की जमा निकासी जैसे समस्त कार्य बी सी सखी के माध्यम से घर बैठे ही कर सकते है इस बैठक में ग्राम प्रधान, रामजी बिंद, सखी समूह रेखा देवी विश्वकर्मा, बीसी सखी कविता कुमारी और समूह की पचासों महिला उपस्थित रहीं।

खबर संक्षेप

सोमवार को मनकामेश्वर व सुजवान धाम में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

लालापुर। सोमवार को शिव भक्तों ने किया लालापुर स्थित भगवान भूतेश व घूरपुर स्थित सुजावन धाम में जलाभिषेक किया।पर्वत के शिखर पर स्थित मनकामेश्वर धाम में हर किसी की मनोकामना पूरी होती है।प्रयागराज से लगभग 20 किमी दक्षिण पश्चिम अविरल बहने वाली कालिन्दी की गोद में पर्वत शिखर पर भीटा गांव के पास विराजमान भगवान शंकर सुजवान धाम के नाम से प्रसिद्ध हैं।यहां बाढ़ के समय भक्त नाव व बोट पर सवार होकर भगवान का दर्शन करने के लिये पहुंचते हैं।उधर प्रयागराज से 40 किमी० दक्षिण पश्चिम छोर पर लालापुर गांव में विराजमान भूतेश का शिवलिंग भक्ति का अद्भुत संगम है।यमुना नदी के किनारे पहाड़ की चोटी पर विराजमान भगवान शिव का दर्शन पूजन करने के लिए दूर दूर से भक्त आते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण करतें हैं।कहा जाता है कि भगवान राम ने वनगमन के समय मनकामेश्वर शिवलिंग की स्थापना की थी। सोमवार को 04 बजे सुबह से ही मनकामेश्वर धाम में भक्तों की भारी भीड़ रही। मनकामेश्वर मेले में ग्रामीण क्षेत्रों का ही मेला रहा।सुबह से शिव भक्तों ने हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए मनकामेश्वर धाम में भगवान शिव का दर्शन कर अपने व अपने परिवार की मंगलकामना के लिए पूजा अर्चना किया।

जिलाधिकारी ने की विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा बैठक

आईजीआरएस की शिकायतों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता पाये जाने एवं कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आईजीआरएस की शिकायतों को अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पशुओं के टीकाकरण एवं ईयर टैगिंग के कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए इसे अभियान चलाकर कराये जाने का निर्देश दिए है। उन्होंने वेलनेस सेंटर के निमार्णाधीन कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने एवं क्रियाशील वेलनेस सेंटरों का सत्यापन कराये जाने का निर्देश दिया है। पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने दिव्यांग शौचालय निर्माण के पगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना की प्रगति में सुधार लाने एवं दुग्ध समितियों के पुनर्गठन के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित रखने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी आशु पाण्डे, पीडी अशोक कुमार मौर्या सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नैनी के अरैल बांध रोड पर सोमवार को हुई गहरेबाजी

अखंड भारत संदेश

बग्घी के पीछे बाइक मोटर साइकिल की आवाज से घोड़ों को भगा रहे थे

नैनी। नैनी के अरैल बांध रोड पर सोमवार को हुई गहरेबाजी में आठ घोड़ों ने रफ्तार भरी। गहरेबाजी में इस बार शहर के अलावा मिजार्पुर की एक सफेद घोड़ी भी शामिल हुई। बग्घी पर सवार पं. विष्णु शर्मा ने अपने घोड़े छोटे रॉकेट ने ऐसी शानदार रफ्तार भरी कि दर्शक देखते रह गए। घोड़ा राजा भी किसी से पीछे नहीं रहा। गोलू महाराज के घोड़े उड़ान और सुल्तान ने जब रफ्तार भरी तो दर्शकों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। जय सिंह यादव का घोड़ा भूकंप, बदरे आलम का घोड़ा कन्हैया और सतीश पांडेय के घोड़े टट्ट की रफ्तार दर्शकों को बहुत भायी आपको बता दें कि गहरेबाजी को देखने के लिए दूर-दूर से लोग नैनी में आते हैं।

निरंजन पुल आगे डिवाइडर और फुटपाथ बनाने का कार्य शुरू, 15 अगस्त से पहले रास्ता खुलने की उम्मीद

प्रयागराज। निरंजन रेल पुल पर स्पैन रखने का कार्य आखिरकार रविवार को पूरा हो गया। यहां रेलवे द्वारा रोके गए रोड ट्रैफिक के 90 वें दिन कुल नौ स्पैन रखे गए। एक दिन पूर्व यहां 12 स्पैन रखे गए थे। अब यहां डिवाइडर का काम और रंगाई पुताई आदि की जानी है। सोमवार से फुटपाथ बनाने और डिवाइडर का कार्य शुरू कर दिया गया। इसी बीच प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा वहां सुंदरीकरण का भी कार्य किया जा सकता है। उम्मीद है कि इस सप्ताह किसी भी दिन निरंजन पुल के नीचे का रास्ता लोगों की आवाजाही के लिए खोला जा सकता है।निरंजन रेल पुल पर दो अतिरिक्त लाइन बिछाने के लिए नौ मई 2023 को पुराने शहर से सिविल लाइंस को जोड़ने वाली सड़क बंद की गई। इस बीच यहां रेलवे के साथ कई अन्य विभागों ने कार्य किया। तीन पियर बनाने के बाद यहां शनिवार से स्पैन रखने का कार्य शुरू हुआ। 22-22 टन वजन के 12 स्पैन शनिवार को ही तीनों पियर पर रख दिए। बाकी बचे नौ स्पैन रविवार दोपहर डेढ़ बजे तक रख दिए गए। यूं तो यहां 16 अगस्त को 100 दिनों के ब्लाक की अवधि खत्म होगी, लेकिन रेलवे का प्रयास है कि उससे पहले ही पुल के नीचे का रास्ता खोल दिया जाए।रविवार को वरिष्ठ अभियंता अनूप पांडेय के निर्देशन में स्पैन रखने की कार्रवाई हुई। एनसीआर के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि 250 टन की क्षमता वाली क्रेन की मदद से सभी स्पैन रखे गए। सोमवार को सड़क पर पड़े मलबे हटाए गए। इस दौरान सूरजकुंड पुलिस चौकी तक डिवाइडर भी बनाया जाएगा। इसके लिए साफ सफाई का काम किया गया। पुल के नीचे भारी वाहनों का आवागमन न हो इसके लिए एक हाइट गेज भी लगाया जाएगा। इसी दौरान पुल पर रंगाई पुताई आदि का भी कार्य होगा।

देश के गर्व का प्रतीक है राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा : अंकिता खेरा

राष्ट्रीय ध्वज अंगीकरण दिवस पर तिरंगे को किया नमन, कहा-झंडा ऊंचा रहे हमारा, विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। प्रत्येक देशवासी अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सामने जब खड़ा होता है तो सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। सेंट पीटर्स को एजुकेशनल स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेरा आगामी 15अगस्त के मद्दे नजर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा की जा रही तैयारी को लेकर व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत 22 जुलाई वर्ष 1947 को तिरंगे को अंगीकरण किया था। तभी इस दिन को राष्ट्र का गौरव का दिन कहा जाता है। देश की आन, बान और शान हमारी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा त्याग,बलिदान,शांति और एकता का प्रतीक है। श्रीमती खेरा ने कहा 22 जुलाई सदा ही हर राष्ट्रवादी को गौरवान्वित करती रहेगी। उंन्होने कहा कि तिरंगे को दी जाने वाली सलामी सीना चौड़ा कर देती है।इसके सामने सिर झुकाने में फक्र महसूस होता है।और जब देश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ध्वज के साथ स्टेडियम पर खड़े होते हैं तो अक्समात मुंह से निकल जाता है झण्डा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्यारा।इसी क्रम में विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक खेरा ने कहा कि आजादी काल की यादों पर एक समय था जब पूरा राष्ट्र अपनी पहचान के लिए हर कुबार्नी के लिए तैयार था।आजादी के जश्न के लिए तिरंगे के साथ निकलने वाली टोलियां और उनके जज्बे के साथ पूरा देश खड़ा होने को तैयार रहता था।हमारा राष्ट्रीय ध्वज सदा ही शान व गर्व का प्रतीक बना रहेगा।मैं अपने रास्ट्रीय ध्वज को सलाम करता हूँ।

न्यूज झरोखा

डॉ. देवी प्रसाद साहित्यकार सम्मान से हुए सम्मानित

झूंसी। आवास विकास योजना 3 में प्रकृति-संरक्षण एवं साहित्यिक मंच साहित्यांजलि प्रज्योदि के तत्त्वावधान में वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान समारोह एवं कवि-गोष्ठी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथाकार उमेश श्रीवास्तव एवं मुख्य अतिथि प्रो. रवि कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. अरविंद श्रीवास्तव, सारस्वत अतिथि डॉ. देवी प्रसाद कुँवर रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन व माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। संस्था के अध्यक्ष एवं समारोह के संयोजक डॉ. प्रदीप चित्रांशी ने संचालन किया। कार्यक्रम की शुरूआत कवित्री रचना सक्सेना ने सरस्वती वन्दना से की। इस दौरान डॉ. देवी प्रसाद कुँवर को वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान के अन्तर्गत अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कवि केशव सक्सेना, राकेश मालवीय,नदेवी प्रसाद पाण्डेय, संजय सक्सेना ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी।

घूरपुर प्रतापपुर मार्ग पर चिल्ला के पास बनी पुलिया बही, आवागमन पूरी तरह से बंद

लालापुर। क्षेत्र के घूरपुर से प्रतापपुर के बीच चिल्ला गौहानी के पास सड़क पर बनी पुलिया बह गई जिससे आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। कार्य भी बहुत धीमी गति से चल रहा है। घूरपुर से वाया चिल्ला गौहनी होते हुए प्रतापपुर तक पांच वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कराया गया था। पांच वर्ष पूर्व होने के बाद सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। साथ ही चिल्ला गांव के समीप सड़क पर बनी पुलिया शुक्रवार को हुई बरसात में पूरी तरह से बह गयी।जिससे घूरपुर-चिल्ला वाया प्रतापपुर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है।नाला में तेज बहाव के कारण लगभग 20 फिट तक पूरी सड़क पानी में समा गयी।सड़क बंद होने से क्षेत्रवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण दस किमी घूमकर अपने घर पहुंच रहे हैं।चिल्ला के दीपक दिवेदी,नीरज पांडेय,सुनील यादव,मुकेश मिश्र,गोबरा के अधिवक्ता अमित मिश्र,अखिलेश पांडेय ने मांग किया है कि सड़क के बगल से अस्थायी बाई पास सही ढंग से बनाया जाय जिससे आवागमन शुरू को सके।

मांडा क्षेत्र सड़क जगह जगह गढ्ढे में तब्दील, राहगीर गिर कर चुटहिल, भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना ने किया सांकेतिक प्रदर्शन

मांडा। यमुनापार के मांडा क्षेत्र अंतर्गत मामूली बरसात होने पर भी सड़क को पर जगह-जगह गड्ढे बने होने के कारण बरसात का पानी से तब्दील हो ने के कारण राहगीर गड्ढे में गिर कर चोटिल हो रहे हैं। वहीं जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण होकर चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। सोमवार को नगर भारतगंज में ग्राम सभा महुआरी खुर्द मुख्य सड़क की बदहाल व्यवस्था पर भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना ने नाराजगी जताते हुए सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर पत्र के माध्यम से अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रयागराज, उपजिला अधिकारी मेजा, ईओ भारतगंज व खण्ड विकास अधिकारी माण्डा को अवगत कराया। सांकेतिक धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे इरशाद अहमद सभासद ने कहा कि माण्डा खास से आते ही भारतगंज के मुख्य गेट पर सड़क नदी बनी हुई है। उससे हजारो यात्रियों एवं आमजन का जीवन त्रस्त है। जिससे आये दिन छोटे मोटे वाहन गढहे मे गिर कर चोटिल होते रहते है। और जिम्मेदार अधिकारी मूक दर्शक बने है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन सम्बन्धित अधिकारी भी आते जाते रहते है, लेकिन कोई अधिकारी ध्यान नही देता जिससे प्रतापपुर वी पी सिंह मार्ग पर हर दिन यात्रियों के लिए दुर्घटना के लिए दावत देता रहता है। भारतगंज से मांडा खास,गिरधरपुर, हाटा, बरौधा मीरजापुर जनपद के सीमा तक सड़क गढ्ढे में तब्दील हो गई है जिससे ग्रामीणों एवं राहगीरों में काफी आक्रोश व्याप्त है। भीम सेना के इस सांकेतिक धरना प्रदर्शन में विशेष रुप से शाहबाज खान, हमराज खान, मोइनुद्दीन चिश्ती, आदिल खान, जहूर अहमद, लल्लन लहरी, मोहम्मद फैजान, दिलीप पासी, आसिफ अली, विनोद रावत, मोहम्मद वसीम, सलमान खान, बृजमोहन कुशवाहा, मोहम्मद परवेज, वकार अहमद, जाकिर हुसैन,आदि दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मोदी को पुन: पीएम बनाने के लिए जनजागरण अभियान

अखंड भारत संदेश

नैनी। बसवार और डांडी में जनजागरण अभियान में शामिल महापौर गणेश केशरवानी और भाजपा नेता आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल एवं वित्तविहीन स्कूल शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी नैनी। नैनी के बसवार एवं डांडी में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए 2024 में नरेंद्र मोदी को पुन प्रधानमंत्री बनाये जाने को लेकर भाजपा नेताओं ने कमर कस ली है। कभी जनसंपर्क कर तो कभी जनसमर्थन से जनसमाधान तो कभी मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के जरिये गांव गांव घूमकर लीगों को मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुचाने का काम कर रहें हैं। इसी तरह प्रयागराज संसदीय क्षेत्र में भाजपा नेता आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल प्रयागराज संसदीय क्षेत्र के यमुनापार के गांव गांव घर घर संपर्क कर जनजागरण जानकारी के मुताबिक पिछले दो महीने से भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल अपने समर्थकों और यमुनापार के ब्लॉक प्रमुखों और प्रधानों के जरिये पहले जनसमर्थन से जनसमाधन अभियान चलाया और फिर केंद्र सरकार के मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के जरिये गांव गांव और घर घर घूमकर लोगों को जानकारी दी और बताया कि सरकार उनके लिए क्या क्या कर रही है? इसके बाद भाजपा के केंद्रीय समिति द्वारा जारी 9090902024 पर मिस्ड कॉल कराकर गांव के एक एक व्यक्ति को जोड़ने का प्रयास किया।

इस दौरान भाजपा नेता आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल ने मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाये जाने और भाजपा के पुनः सत्ता में आने को लेकर सहस्त्रचंडी यज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण और भंडारे का कार्यक्रम की शुरआत की। इस बीच भाजपा नेताओं ने नैनी के बसवार, महेवा, डांडी, करछना,मेजा, मांडा और लालापुर से जनजागरण अभियान की शुरआत की। भाजपा नेता आचार्य हरि कृष्ण शुक्ल ने बताया कि जनजागरण अभियान में लोगों को योजनाओं की जानकारी के साथ साथ यह भी बताया जाता है कि उनके लाभ के लिए और देश के विकास के लिए क्या क्या काम हो रहे हैं। जनजागरण अभियान में वित्तविहीन स्कूल-कालेज एवं उनके शिक्षकों को भी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वित्तविहीन स्कूल के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी ने बताया कि जनजागरण अभियान में ज्यादा से ज्यादा शिक्षकों को शामिल करने की कोशिश चल रही है। लालापुर के ग्राम प्रधान शंकर लाल कहतें हैं कि भाजपा का जनजागरण अभियान से गावों के अधिकतर लोग जुड़ रहे हैं।

डिजिटल ग्रामीण भारत का सपना होगा साकार : आदित्य तिवारी

करछना। प्रयागराज भारत सरकार के डिजिटल ग्रामीण भारत के सपने को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश में ग्राम्य विकास विभाग संकल्पित है जो की वन जीपी वन बीसी कार्यक्रम संचालित कर रहा है ,जिसका नेतृत्व सीधे तौर पर अपर मुख्य सचिव ग्राम विकास तथा मिशन निदेशक के स्तर से किया जा रहा है , इस कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंस सखी केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं जिसके लिए एक ग्राम पंचायत में एक बीसी सखी की तैनाती की गई है। चूंकि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा आसान बनाने के लिए यह योजना अमल में लाई गई है जिससे की रिमोट एरिया में भी ग्रामीण लोगो तक बैंकिंग की सुविधा सुनिश्चित की जा सके, इसके क्रम में एनआरएमएम के द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगा कर ग्रामीण लोगो को इस संबंध में जानकारी दी जा रही है , इसी क्रम में विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत भड़ेवरा में कैंप का आयोजन हुआ जो की पंचायत भवन पर आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से शिविर में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक आदित्य तिवारी तथा बड़ौदा यूपी बैंक ,शाखा भडेवरा के मैनेजर साक्षी उपस्थित रहे । आदित्य तिवारी द्वारा बताया गया कि यह सरकार की महत्त्वाकांक्षी परियोजना है जिससे की सुदूर क्षेत्रों में भी गांव के लोग तक बैंक की सुविधा लोगों के दरवाजे तक उपलब्ध कराई जा सके, जिससे की बैंको में निरर्थक समय की खपत तथा वहां जाने में लगने वाला किराया भी बचेगा और लोग अपने पैसे की बचत एवम् समय का सदुपयोग कर सकेंगे, तथा सरकार की अन्य योजनाएं जैसे की वृद्धा पेंशन , विधवा पेंशन , किसान सम्मान निधि, मनरेगा मजदूरी आदि योजनाओं में मिलने वाले राशि के लिए बैंको में लाइन नही लगानी पड़ेगी । वहीं बैंक मैनेजर साक्षी द्वारा बैंक के सभी योजनाओं जैसे की मुद्रा लोन , केसीसी, बीमा आदि के बारे में सुक्ष्म चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भड़ेवरा अनुराधा देवी ने इस योजना को सफल बनाने में सहयोग करने की बात कही जिससे की उनका गांव भी डिजिटल हो सके। वहीं बीसी सखी आभा देवी द्वारा उक्त शिविर में कई लोगो का डिजिटल भुगतान कराया गया जिससे ग्रामीण लोग उत्साहित हुए तथा डिजिटल ग्रामीण भारत बनाने के लिए सपथ भी लिए , कार्यक्रम में रीता सिंह,पूजा देवी, विमला देवी , सविता देवी , अंजली देवी , नीरज कोटार्य, महेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

माफिया अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन भगोड़ा घोषित

विशेष न्यायाधीश के आदेश पर पुलिस ने घर पर लगाया नोटिस, उमेश पाल हत्याकांड में है आरोपी

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद की पत्नी शइस्ता परवीन अब भगोड़ा घोषित कर दी गई है। वह उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी है। शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रही है। विशेष न्यायाधीश रउ-रळ के आदेश पर धूमनगंज पुलिस सोमवार को उसके चकिया वाले घर पहुंची थी। वहां ढोल-नगाड़ों से मुनादी कर नोटिस चस्पा की।इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। पुलिस ने यह भी मुनादी कराई। लोगों को बताया कि शाइस्ता परवीन माफिया अतीक अहमद की पत्नी हैं। अब ये भगोड़ा घोषित हैं। ऐसे में उसे कोई पनाह न दें। पनाह देने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एक अन्य आरोपी गुडुडू मुस्लिम को भी पुलिस अब मंगलवार को भगोड़ा घोषित करेगी। शाइस्ता परवीन और शूटर गुड्डू मुस्लिम के खिलापफ

लुकआउट नोटिस जारी है। शाइस्ता 50 हजार रुपए की इनामी है। जबकि गुड्डू मुस्लिम पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित है। दोनों उमेश पाल और उसके दो गनर की हत्या के बाद से फरार हैं। इस नोटिस के बाद देश के सभी एयरपोर्ट्स पर निगरानी बढ़ा दी गई है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां उन्हें तलाशने में लगी हैं। लेकिन अभी तक दोनों का कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस ने कोर्ट में पेश न होने पर इस मामले में धारा 82 की कार्रवाई की है। 24 फरवरी 2023 को भाजपा नेता उमेश पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना में उसकी सुरक्षा में लगे दो गनर राघवेंद्र व संदीप की भी गोली लगने से मौत हुई थी। अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद ने शुट्र्स के साथ मिलकर दिन दहाड़े जयंतीपुर कॉलोनी में गोली और बम मारकर इस वारदात को अंजाम दिया था। बम और गोलियों की आवाज से यह इलाका दहल उठा था। यह घटना शम को साढ़े चार बजे धूमनगंज कोतवाली से 500 मीटर की दूरी पर उस समय हुई थी। जब उमेश पाल 2006 में हुए अपने अपहरण केस की सुनवाई के बाद जिला अदालत से घर लौट रहे थे। उमेश पाल ने अपने घर के बाहर की गली पर जैसे की रुककर कार का दरवाजा खला। अतीक के बेटे असद शूटर गुलाम, अरबाज, विजय चौधरी उर्फ उस्मान, बमबाज गुड्डू मुस्लिम और साबिर ने उमेश पाल पर हमला कर दिया। गोलियों और बम से हुए हमले में उमेश पाल और उसके दो गनर्स की मौत हो गई थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद सभी आरोपियों की पुलिस ने उसी दिन पहचान कर ली थी।शूटर विजय चौधरी उप्फ उस्मान, ड्राइवर अरबाज, असद और शूटर गुलाम की एसटीएफ और पुलिस टीमों के साथ हुई मुठभेड़ में मौत हो चुकी है। गुड्डू मुस्लिम, शूटर साबिर और शाइस्ता परवीन अभी भी फरार हैं। जांच एजेंसियां अभी तक इनकी तलाश में जुटी हैं। तीनों के विदेश भागने की आशंका के बीच पुलेस ने लुटआउट नोटिस जारी किया है। खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस की ओर से नोटिस जारी की गई है। उमेश पाल हत्याकांड में शामिल रहे और बमबाज मुज्डू मुस्लिम को लाल कलर की बाइक से बैकअप देकर भगाने के पांच लाख के इनामी शूटर आअरमान ने बिहार के सासाराम कोट में सरेंडर करने की सूचना है।

18 वर्ष की आयु वाले छात्र-छात्राएं मतदाता सूची में बढ़वाएं अपना नामः डीएम

डीएम ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने मतेदय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ एन0आई0सी0 सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने ई0आर0ओ0/ए0ई0आर0ओ0 को निर्देशित किया कि मतदेय स्थल बनाने हेतु भवनों का चयन, पुनर्निर्धारण तथा भवनों का भौतिक सत्यापन का कार्य जो किया गया है उसका स्थलीय निरीक्षण करें एवं उसके फोटोग्राफ जो बूथ बनने लायक नही है और जर्जर है उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें और जहां पर मतदेय स्थलों का परिवर्तन किया गया है उसका भी निरीक्षण करें।

एनआईसी सभागार में आयोजित बैठक में बोलते डीएम प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

प्राथमिक विद्यायलों में जहां पर दो ही कमरे है लेकिन बूथ अधिक बनाये गये है तो ऐसे स्थलों चिन्हांकन कर नये बूथ का प्रस्ताव दिया जाये। बैठक सभी राजनैतिक दलों को मतदेय स्थलों के सम्भाजन की सूची उपलब्ध करायी गयी और कहा कि यदि मतेदय स्थलों के सम्बन्ध में कोई सुझाव या समस्या हो तो अवगत करायें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकार उपस्थित रहे। उसके उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में अवस्थित समस्त विद्यालय, डिग्री कालेजों, प्राविधिक संस्थानों आदि में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने के सम्बन्ध में समस्त विद्यालयों के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य के साथ सेन्ट एन्थोनी इण्टर कालेज में बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में जेण्डर रेशयों एवं ईपी की खराब स्थित है ऐसे में सभी युवा मतदाता जो उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत है विशेष तौर पर बालिकायें जिनकी उम्र 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष है या पूर्ण हो चुकी है सभी को फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य रूप से शामिल करवायें। उन्होने कहा कि छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया जाये कि उनके आस-पास या घर में किसी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न जुड़ा हो तो उसके जुड़वायें और यदि मतदाता सूची में कोई नाम त्रुटिवश अंकित हो गया हो तो उसका भी संशोधन करा सकते है। यदि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है तो उसका नाम मतदाता सूची से हटवायें। उन्होने कहा कि जनपद का महिला रेशियों बहुत कम है इसलिये जनपद की महिलाओं, बहुओं, किशोरियों का नाम ज्यादा से ज्यादा जुड़वाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला समूह एवं अन्य विभागों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाये जिससे वे मतदाता सूची मे अपना नाम जुड़वा सके। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्यो से कहा कि हम सभी का दायित्व है कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वायें, मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु अभियान निरन्तर चलता रहेगा जिसमें सभी लोग सहयोग करें। यह एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है इसलिये आप विशेष सहयोग दें। महाविद्यालयों में हेल्पडेस्क की स्थापना करें। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने भी प्रधानाचार्यो से कहा कि युवा मतदाताओं के नाम अधिक से अधिक जुड़वाने में अपना सहयोग प्रदान करें। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह सहित एसपी द्विवेदी, विन्ध्याचल सिंह, फादर आनन्द कुमार जॉन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा0 मो0 अनीस द्वारा किया गया।

श्रीमद्भागवत कथा की तैयारी बैठक में मौजूद पदाधिकारीगण।

लीला पैलेस में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 21 से

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। मीरा भवन चौराहे पर स्थित लीला पैलेस में 21 अगस्त से 27 अगस्त तक अन्तर्राष्ट्रीय कथा व्यास पूज्य विनय मधुकर महाराज के श्री मुख से एक सौ आठ संकल्पित निःशुल्क श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन विश्व कल्याण हेतु कोरोना काल में दिवंगत हुए व्यक्तियों की आत्मा की शांति के लिए किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसकी एक बैठक सेनानी काम्प्लेक्स में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी शिवप्रकाश मिश्र सेनानी एडवोकेट, वरिष्ठ समाजसेवी उद्योगपति आशुतोष त्रिपाठी, समाजसेवी राजीव पाण्डेय, चन्द्रकान्त त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अमितेन्द्र श्रीवास्तव, डॉ आर पी सिंह, राजनारायण सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी शंकू राजा, अरुण कुमार सिंह, शशि त्रिपाठी, समाजसेवी रज्जू सिंह, अवधेश राय, अनंत पाल सिंह, पंडित अवधेश उपाध्याय बाबा, धर्म प्रचारक मोछा पांडेय गुरु, पंडित दुर्गेश तिवारी तथा युवा लोक गायक प्रियम त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

माया मोह से मुक्ति की सफल साधना ही मोक्षः साध्वी शिवानी

बाबा घुइसरनाथ धाम में कथा समापन पर संकीर्तन में भावविभोर हुए श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में सोमवार को कथा समापन पर श्रीराधे संकीर्तन में श्रद्धालु भावविभोर दिखे। वहीं कथाव्यास अर्न्तराष्ट्रीय कथावाचक पाराशर जी की शिष्या साध्वी शिवानी तिवारी ने कहा कि भगवान की कथा अनन्त है।

उन्होंने कहा कि भगवान की महिमा और उनकी दयालुता को सदैव भक्तिभाव से हृदय पटल पर संजोये रखना चाहिए। साध्वी शिवानी ने कहा कि भगवान के नाम के स्मरण के साथ संसार के माया मोह से मुक्ति की साधना ही मोक्ष है। उन्होने कहा कि कलियुग के कलिकाल में द्वारिकाधीश भगवान श्रीकृष्ण के नाम का जाप ही सरल भाव से करते रहना चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रभु भक्त पर उसके भाव के अनुरूप स्वमेव कृपादर्शी हैं।

कथा समापन पर संकीर्तन में जुटे श्रद्धालुगण।

आरती पूजन के साथ कथा के समापन पर समाजसेवी सुधीर मिश्र तथा ललिता मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया।

सह संयोजक पप्पू तिवारी ने क्षेत्र के लोगों की ओर से साध्वी शिवानी तिवारी, आचार्य दिनेश शास्त्री, सोनू दुबे का सारस्वत सम्मान किया। कथा के समापन पर संगीतमयी भगवत भजन में श्रद्धालु भावविभोर दिखे। कथा के सकुशल सम्पन्न होने पर कथावाचिका शिवानी तिवारी ने अपने आध्यात्मिक दल के साथ देवाधिदेव महादेव बाबा घुश्मेश्वर नाथ का दर्शन पूजन किया। इस मौके पर अवध बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री रामसेवक त्रिपाठी, सरला त्रिपाठी, पंकज पाण्डेय, केशवदत्त पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, दीपेन्द्र तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, पं. वीरेन्द्रमणि तिवारी आदि रहे।

शिक्षक पर जानलेवा हमला, आरोपियों के खिलाफ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। स्कूल से लौट रहे शिक्षक पर अज्ञात आरोपियो द्वारा जानलेवा हमला किया गया। पुलिस ने पीड़ित शिक्षक की तहरीर पर सोमवार को तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज बाजार निवासी फूलचंद्र कौशल के पुत्र मोहित कौशल लालगंज विकासखण्ड के मधुकरपुर प्राथमिक विद्यालय प्रथम में सहायक अध्यापक तैनात हैं। पांच अगस्त को मोहित स्कूल से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे कि दिन मे करीब ढाई बजे नया पुरवा के समीप के तीन बाइक सवार आरोपियो ने रोक लिया। आरोपियो ने शिक्षक को गाली देना शुरू किया। इसके बाद आरोपियो द्वारा शिक्षक के साथ मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। शिक्षक के साथ मारपीट की घटना को लेकर प्राथमिक शिक्षकों मे गुस्सा भी देखा गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र की अगुवाई में शिक्षकों का जत्था कोतवाली पहुंचा। यहां शिक्षकों ने घटना पर आक्रोश जताते हुए आरोपियो की पहचान कर कार्रवाई की मांग की।

पुरूषोत्तम मास के सोमवार पर आस्था के उमंग में गूंज उठी शिवनगरी

घुइसरनाथ धाम में सोमवार को श्रद्धालुओं का हुआसमागम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पुरूषोत्तम मास के सोमवार को पौराणिक स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में सुबह की निकली किरण बाबा के जयघोष से गूंज उठी। दोपहर की बेला हो या फिर अपरान्ह शिव नगरी घुइसरनाथ में देर रात तक हर हर महादेव व बोल बम का शंखनाद गूंजता रहा।

आदिगंगा सई के तट पर भी श्रद्धालु पुष्प दूध तथा अन्न अर्पित कर बाबा की कृपा की प्रार्थना में मगन दिखे। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि के साथ मंदिर कमेटी के सदस्यों व स्वयंसेवक युवाओं को दर्शन पूजन की व्यवस्था में मशक्कत करते देखा गया। सावन तथा पुरूषोत्तम मास को लेकर पांचवा सोमवार होने के नाते बाबा की नगरी मे आस्था व श्रद्धा तथा संस्कृति का अदभुत नजारा देखा गया। बडी संख्या में महिला

बाबा घुइसरनाथ का दर्शन पूजन करते श्रद्धालु।

श्रद्धालुओं ने भी गौरीगणेश का पूजन करते हुए बाबा को नमन किया। वहीं श्रद्धालु भगवान विष्णु के श्रीबाला जी स्वरूप के भी दर्शन में आस्थामय देखे गये। मंदिर परिसर में श्रीरामजानकी, गणेश पार्वती, हनुमानजी महराज, मां दुर्गा, काल भैरव, मां सरस्वती, द्वारिकाधीश, के मंदिरों मे भी श्रद्धालुओं का दर्शन पूजन का सिलसिला उत्साह की रंगत मे दिखा। धाम में भारी भीड होने को लेकर बाबा धाम चैकी पुलिस के प्रभारी राजेश शुक्ला भी लाव लश्कर के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने में पसीने से तर बतर दिखे। बाबा धाम में भगवान रामजानकी तथा शनिदेव महराज के मंदिर में भी बाबा का जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं में दर्शन पूजन का उत्साह देखा गया। कांवड़िया श्रद्धालुओं का भी इस सोमवार को धाम में रिकार्ड तौर पर जमावडा दिखा। वहीं कालाकांकर तथा मानिकपुर से गंगाजल भरकर पैदल बाबा धाम के लिए आने वाले शिवभक्तों के लिए रास्ते मे कई जगह श्रद्धालुओं ने भण्डारों का भी आयोजन कर रखा था।

ग्रामीणों ने सामूहिक ध्वज पताका चढाकर मन्दिर के जीर्णोधार का लिया संकल्प

प्राचीन सूर्य मन्दिर के पुनरोद्धार के लिये ग्रामीण हुए संकल्पित

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम के समीपवर्ती कटरा गुलाब सिंह नगर पंचायत के स्वरूपपुर ग्राम के शिवगंज में स्थित अति प्राचीन सूर्य मन्दिर के पुनरोद्धार की मुहिम अपना रंग दिखाना शुरू कर दी। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के गत 12 वर्षों के जनजागरण से प्रेरित होकर आज मलमास के सोमवार को ग्रामीणों ने सामूहिक रूप भोले बाबा व सूर्य देवता का विधिवत पूजन करके गाजा बाजा के साथ मन्दिर के अति शीघ्र जीर्णोद्धार का संकल्प लिया।

बता दें कि पुरातत्व विभाग द्वारा पंजीकृत उक्त स्थल पर स्थित पुरावशेष आठवी व नौवी सदी के हैं। जिसका पंजीकरण 2011 में सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर के प्रयास से हुआ। मार्ग विकसित किए गए व अतिक्रमण आदि पर रोक लगी। 2015 में मन्दिर के विकास हेतु एक कोष भी बनाया गया। स्थानीय उदासीनता की वजह से कार्य प्रारम्भ न हो सका। अभी पिछले रविवार को इसी स्थल पर ग्रामीणों के साथ समाज शेखर ने सप्तनीक रूद्राभिषेक किया था। उसी दिन

प्राचीन सूर्य मंदिर पर पूजन-अर्चन करते ग्रामीण।

गांव के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ विकास पर बल दिया गया। उसी का नतीजा है कि ग्राम के युवाओं मन्दिर के पुनरोद्धार हेतु कमर कस ली है। आज सभी लोगों ने मिलकर पूजन किया और तय किया कि सावन मास के बाद एक विशाल भन्डारा करके जन सहयोग तथा लोक भागीदारी से अति शीघ्र सूर्य मन्दिर का जीर्णोद्धार सभी की मदद से होगा। सूर्य मन्दिर के विकास हेतु ध्वज पताका चढाकर संकल्प लेने वालों में प्रमुख रूप से शेर बहादुर, सुनील कुमार, ननके पटेल, राजेश कुमार, रामपाल, श्रीपाल, मोती लाल, सुरेश, उमेश, कुलदीप, सभासद राम आसरे पटेल पुजारी अमरदास, सभालाल पटेल, कल्लू प्रधान राजू, मोनू व मेवालाल शामिल रहे।

शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया रुद्राभिषेक

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। प्रत्येक सोमवार को पट्टी मेला ग्राउंड में शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक हो रहा है । सावन के पांचवे सोमवार को रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके यजमान बने रायपुर रोड के रहने वाले युवा व्यवसाई अंकित बर्मा जो सभासद तथा जिला योजना समिति सदस्य राम चरित्र वर्मा के सुपुत्र है। सोमवार को सपत्निक उन्होंने रुद्राभिषेक किया और जनकल्याण के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। अंकित वर्मा से बात करने पर उन्होंने बताया कि सावन के पवित्र मास में जहां भगवान भोलेनाथ की स्तुति की जाती है वही वह सभी प्राणियों के लिए वह रक्षक बनते हैं अंकित वर्मा ने सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए समाज के हित के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना किया रुद्राक्ष एक कार्यक्रम में मुख्य रूप से पवन खंडेलवाल प्रमोद खंडेलवाल अशोक खंडेलवाल आंशू खंडेलवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

परियावां, प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में कुण्डा थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार पाल अपने हमराही के साथ देखभाल क्षेत्र भ्रमण के दौरान वांछित, वारण्टी अभियुक्त विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना के पंजीकृत मु0अ0सं0 240/2023 धारा 302, 504, 506 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त संदीप पटेल पुत्र वंशीलाल पटेल नि0 पूरेशाहगुलाम चिश्ती थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के मन्नान की बाजार मवई बाई पास तिराहा के पास से गिरफ्तार किया उक्त अभियोग से सम्बन्धित दो अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा दिया था। पकड़े गये अभियुक्त की लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

घायल लाइन मैन के परिजनों व ग्रामीणों ने किया विद्युत उपकेन्द्र पर हंगामा

अधिशाषी अभियंता द्वारा 50 हजार रुपये दिये जाने पर शांत हुआ मामला

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र पर आज सोमवार को प्रातः सगरा गांव के ग्रामीण तथा विगत दिनों घायल हुए लाइन मैन दिनेष गौड़ के परिजनों ने जमकर हंगामा काटा जिससे लगभग पांच घंटे तक दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र ठप रहा।

सोमवार को सुबह से ही सगरा गांव के ग्रामीण दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंच गये थे और विद्युत उपकेन्द्र की लाइन को बंद कर घायल लाइन मैन को आर्थिक सहायता देने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। लगभग पांच घंटे तक दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र ठप रहने से इस क्षेत्र के लोगों को बहुत परेषानी झेलनी पड़ी। बाद में विद्युत वितरण खण्ड के अधिषाषी अभियंता दहिलामऊ उपकेन्द्र पर पहुंचे। काफी मान-मनौवल के बाद कर्मचारियों से एकत्र कर 50 हजार रुपये की सहायता इलाज के लिये देने के बाद ग्रामीण माने और दोपहर बारह बजे के बाद दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र की बिजली बहाल हो सकी। बता दें कि तीन दिन पहले दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र का संविदा लाइन मैन दिनेष गौड़ विद्युत ठीक करते समय अचानक लाइन चालू हो जाने से बुरी तरह से झुलस गया था, जिसका इलाज प्रयागराज में चल रहा है। इस घटना के बाद उस दिन भी कर्मचारियों ने हंगामा किया था, तब इस कर्मचारी का इलाज खर्च देने की बात कही गई थी। लेकिन जब इलाज के लिये कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली तो सोमवार को दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र पर ग्रामीणों को फिर हंगामा करना पड़ा।

पांच घंटे ठप रहा दहिलामऊ विद्युत उपकेन्द्र

ग्रामीणों व परिजनों को समझाते-बुझाते अधिशाषी अभियंता ।

नहीं रहे बसपा नेता बॉबी मिश्र, गमजदा लोंगो ने अर्पित की पुष्पांजलि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। क्षेत्र के सारीपुर निवासी समाजसेवी एवं बसपा के जिला उपाध्यक्ष विजय मिश्र बॉबी 40 का सोमवार की सुबह इलाज के दौरान हृदयगति रूकने से निधन हो गया। वह इन दिनों लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती थे। बाबी के निधन की जानकारी क्षेत्र मे लोगों को हुई तो हर तरफ गम का माहौल देखा गया।

अधिवक्ताओं, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, पत्रकारों व विभिन्न सामाजिक संगठनो से जुडे लोगों ने बॉबी के आकस्मिक निधन को दुःखद ठहराया। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बॉबी के निधन को सामाजिक क्षेत्र में आकस्मिक रिक्तता का दुखद क्षण बताया। प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी दोपहर बाद बॉबी के आवास पर पहुंचे और पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं दोपहर बाद विजय मिश्र बॉबी का शव लखनऊ से घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। उनके आवास पर बड़ी संख्या मे शोकाकुल लोगों की आंखे नम हुई दिखी। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, बसपा जिलाध्यक्ष सुशील गौतम, बसपा नेता अश्विनी राणा आदि ने भी दुख जताया। उधर संकट मोचन धाम कलेक्ट्रेट परिसर में वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह एवं समाजसेवी बाबी मिश्रा के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया जिसमें मुख्य रूप से जूनियर बार के पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्रा, आल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, अनिल पांडे, बी के श्रीवास्तव, अनिल तिवारी, दीपक मिश्रा दीपू, दिवाकर सिंह, प्रशांत दुबे, आशीष श्रीवास्तव, संजय पांडे, अशोक दुबे, विनय सिंह, अजीत शर्मा, दीपू सिंह, डबलू मिश्र, सचिंद्र सिंह, आसिफ सिद्दीकी आदि अधिवक्ता लोग उपस्थित थे। उधर बसपा जिलाध्यक्ष सुषील कुमार गौतम ने भी विजय मिश्र बाबी के निधन पर शोक जताया है।

खबर संक्षेप

देशी विदेशी बियर भॉग तथा एफएल 16/17 की दुकानें 15 अगस्त को रहेगी बन्द

कौशाम्बी। उ0प्र0 देशी/विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संशोधित एवं उत्तर प्रदेश आबकारी लाइसेंस (टेंडर एवं नीलाम) नियमावली 1991 के अनुपालन में जनपद कौशाम्बी की देशी/विदेशी/बियर एवं भॉग की समस्त फुटकर एवं थोक अनुज्ञापन तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 15 अगस्त 2023 स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद ने देते हुए बताया कि इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नहीं होगा। उन्होने सम्बन्धितों को आदेश का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित करने के निर्देश दियें है।

रविवार से लापता किसान का शव तालाब में मिला हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका

शव की जीभ निकली हुई थी और एक आंख भी गायब थी

अखंड भारत संदेश

बिसारा कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के अंबेडकरनगर बिसारा में सोमवार दोपहर 2 बजे गाड़े तालाब में एक अधेड़ का शव लोगों ने देखा तो शोर मचाया, देखते देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई, लोगों ने पुलिस को सूचना दी तीन बजे घटना स्थल पर पहुची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और वहीं के विष्णु तिवारी उम्र लगभग 45 वर्ष पुत्र राधेश्याम तिवारी निवासी बिसारा थाना कोखराज के रुप में शिनाख्त की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक रविवार की सुबह 5:00 बजे से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता था। घटना क्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के अंबेडकरनगर बिसारा गांव के विष्णु तिवारी उम्र 45 वर्ष पुत्र राधेश्याम तिवारी रविवार की सुबह 5 बजे घर से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गए थे परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उनका कहीं सुराग नहीं लगा सोमवार की दोपहर बाद विष्णु तिवारी की लाश गांव के गाड़े तालाब में लोगो ने देखा तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई विष्णु की मौत को लेकर लोगो मे कानाफूसी शुरू हो गयी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला और विष्णु तिवारी के रूप में शिनाख्त मृतक की पत्नी किरन देवी ने की शिनाख्त होते ही परिवार में कोहराम मच गया मृतक के भाई गंगाधर तिवारी ने बताया कि विष्णु दो वर्षो से मानसिक रुप से बीमार था जिसका ईलाज जिला अस्पताल से चल रहा था मृतक विष्णु तिवारी के दो लड़के सत्यम 20 वर्ष, शुभम 18 वर्ष और पुत्री आराधना उम्र 16 वर्ष है मृतक के शव से एक आंख गायब थी और उसके जीभ भी बाहर निकली थी जिससे आशंका जताई जा रही है कि हत्या कर शव ठिकाने लगाया गया है इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी बिनोद कुमार मौर्या ने बताया कि एक अधेड़ विष्णू तिवारी की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई है परिजनों की तहरीर और पीएम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाई की जायेगी।

शव मिलने के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

मरीज को मौत देने वाले अस्पताल को नोटिस देने के बाद कार्यवाही को भूल गया सीएमओ कार्यालय

अस्पताल संचालक को बचाने के लिए बड़े स्तर से स्वास्थ्य विभाग पर बनाए जा रहे है दबाव

कौशाम्बी। सिराथू तहसील से सैनी स्थित प्रभाकर हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान महिला मरीज की मौत के बाद आनन-फानन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के झोलाछाप नोडल अधिकारी ने अस्पताल संचालक को नोटिस जारी कर उनसे सवाल जवाब किया था 1 जुलाई को जारी किए गए नोटिस में 1 महीने से अधिक बीत जाने के बाद रत्ती भर सीएमओ कार्यालय आगे नहीं बढ़ सका है प्रसव के दौरान महिला मरीज की मौत के बाद भी अवैध तरीके से अस्पताल चल रहे हैं मौके पर जांच करने पहुंचे झोलाछाप प्रभारी नोडल अधिकारी ने भी अपनी नोटिस में उल्लेखित किया है कि अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मौके पर नहीं मिला है योग्य चिकित्सक मौके पर नहीं थे लेकिन नोटिस देकर कार्यवाही को भूल जाने के बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर तमाम सवाल खड़े होने शुरू हो गए हैं चचाओं पर जाए तो अस्पताल संचालक को बचाने के लिए बड़े स्तर से स्वास्थ्य विभाग पर दबाव बनाए जा रहे हैं अब सवाल उठता है कि एक तरफ योगी सरकार अवैध अस्पताल पर कार्रवाई करने का निर्देश दे रही है दूसरी तरफ उन्हीं के लोगों द्वारा अवैध अस्पताल संचालकों को बचाने का ठेका लिया जा रहा है जिससे योगी सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं प्रभाकर हॉस्पिटल में महिला मरीज की मौत के मामले को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने गंभीरता से लिया तो जहां अस्पताल संचालक की मुसीबत बढ़ जाना तय है वही मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कारनामों की कलाई खुलना भी तय है लेकिन क्या अवैध अस्पतालों के संचालन को बढ़ावा देने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कारनामों को स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक संज्ञान लेकर बड़ी कार्यवाही करेंगे या फिर सब कुछ स्वास्थ्य विभाग में सिस्टम के तहत चलता रहेगा।

पंखे में उतरे करंट से युवक की मौके पर मौत

अखंड भारत संदेश

कोखराज कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल गांव में गर्मी से परेशान युवक अपने घर पर विजली आने के बाद पंखा का प्लक लगा रहा था अचानक पंखे में उतरे करंट का झटका लगने से युवक की तड़प तड़प कर घटनास्थल पर मौत हो गई है युवक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है गांव के लोगों को मामले की जानकारी लगी तो मौके पर लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को लगी तो दल बल के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और जांच पड़ताल कर कार्यवाही कर रही है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल गांव निवासी राजेश सरोज उम्र 25 वर्ष पुत्र स्वा श्याम लाल सरोज सोमवार की दोपहर को पंखा चलाने के लिए बिजली के बोर्ड में प्लक लगा रहा था इसी बीच अचानक बिजली का तेज झटका राजेश सरोज को लगा बिजली का तेज झटका लगने से राजेश सरोज तड़पने लगा जब तक परिवार के लोग मामले को समझ पाते तब तक तड़प तड़प कर राजेश की मौत हो गई जैसे ही राजेश की मौत हुई परिवार में कोहराम मच गया बताया जाता है कि राजेश अपने भाइयों में मझला था दो वर्ष पहले ही शादी हुई थी पत्नी का रो-रोकर हाल बेहाल है परिजनों को सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया ग्रामीणों को मौत की सूचना मिलते ही तमाम लोगो की भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गयी थाना कोखराज पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुँच कर जॉच पड़ताल शुरू कर दिया है पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अध्यक्ष, उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का जनपद आगमन

कौशाम्बी। अध्यक्ष राज्यमंत्री स्तर उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ0 देवेन्द्र शर्मा दिनांक 08 अगस्त 2023 को सायं 07 बजे मां शीतला अतिथि गृह, सयारा कौशाम्बी पहुँचकर रात्रि विश्राम करेंगे।दिनांक 09 अगस्त 2023 को प्रातः 10:30 बजे जिला अस्पताल, पीकू वार्ड, प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा गॉधी बालिका विद्यालय, पोषण पुनर्वास केन्द्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का अध्यक्ष निरीक्षण करेंगे तथा कोविड से प्रभावित बच्चों से संवाद करेंगे। अपरान्ह 1:30 बजे सम्बन्धित अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पीकू वार्ड एवं बाल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा अध्यक्ष करेंगे। तत्पश्चात अध्यक्ष अपरान्ह 03 बजे प्रेस वार्ता करने के बाद अपरान्ह 04 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

दो घरों में घुसे चोर सोने चांदी के जेवर नगदी समेत उठा ले गए लाखों का सामान

तीसरे घर में घुसे चोर नहीं ले जा सके घर से कुछ सामान, सोने के जेवर 8 तोला चांदी के जेवर 3 किलो ढाई लाख रुपए नकदी समेत 9 लाख रुपए का सामान उठा ले गए चोर

कौशांबी चरवा थाना क्षेत्र के अयोध्या के पुरवा गांव में बीती रात चोर बड़े लाल के पुत्र धारा सिंह यादव उसके भाई नंद किशोर उर्फ चंदन और बृज किशोर के घर घुस गए हैं सोने के जेवर 8 तोला चांदी के जेवर 3 किलो और ढाई लाख रुपए नकदी समेत 9 लाख रुपए कीमत का सामान चोर ने पार कर दिया है घटना की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है मामले की सूचना परिजनों ने चरवा थाना पुलिस को दी है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अयोध्या का पुरवा निवासी बड़े लाल के बेटे धारा सिंह यादव वा नंद किशोर उर्फ चंदन यादव वा बृज किशोर यादव अगल-बगल रहते हैं आधी रात को धारा सिंह यादव के दीवाल में सेंध कर घर के भीतर घुसे चोर उसके घर से सोने के हार के तीन सेट लगभग साढ़े सात तोला और सोने का टॉप लगभग आधा तोला चांदी की तीन सेट करधनी वजन लगभग सवा दो किलो और चांदी के छागल तीन सेट वजन लगभग साढ़े सात सौ ग्राम के साथ ढाई लाख रुपए नगद बक्से का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए हैं इसके बाद चोर दीवार के सहारे छत पर पहुंचे और छत के रास्ते आंगन में घुसकर बृजकिशोर के घर पहुंचे और उसका भी एक बक्सा चोर उठा ले गए हैं नंदकिशोर उर्फ चंदन के भी घर चोर घुसे हैं लेकिन वहां से कुछ ले नहीं जा सके हैं मामले की जानकारी परिजनों को सुबह हुई है घर में बिखरा सामान देखकर परिजनों के होश उड़ गए मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया है खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।

पुलिस हिरासत में युवक के घर पहुँची पत्नी ने रिश्तेदारों के साथ ताला तोड़कर उठा ले गयी जेवर नगदी

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव निवासी गोरेलाल उर्फ अनिल यादव पुत्र शंकर लाल यादव का अपनी पत्नी पूजा यादव से विवाद चल रहा है इसी विवाद के चलते कई बार मामला थाना और पुलिस अधिकारियों की चौखट पर पहुंच चुका है मामले में पुलिस ने 2 अगस्त को गोरे लाल उर्फ अनिल यादव को अपने हिरासत में ले लिया और 2 अगस्त को दोपहर लगभग 3:00 बजे पुलिस अभिरक्षा में गोरेलाल को उप जिला अधिकारी चायल के न्यायालय में पेश किया गया इस दौरान गोरेलाल की मां उर्मिला देवी घर पर अकेली थी। मामले की जानकारी मिलते ही गोरेलाल की पत्नी पूजा यादव और पूजा का मामा लल्लू जीजा अनिल भाई रावेन्द्र गोरेलाल के घर पहुंच गए घर पर मौजूद युवक की मां उर्मिला देवी ने विरोध किया जिस पर पूजा और उसके रिश्तेदारों ने उर्मिला देवी के साथ गाली गलौज और मारपीट की घर के बक्से का ताला तोड़कर सोने का झुमका मंगलसूत्र चांदी की करधनी घर में रखा लगभग 12 हजार रुपए नगद पूजा अपने रिश्तेदारों के साथ उठा ले गयी युवक जब उप जिला अधिकारी के न्यायालय से जमानत पर रिहा होकर घर पहुंचा तो उसकी मां ने पूरी दास्तान बताई दास्तान सुनकर युवक के होश उड़ गए युवक ने मामले की सूचना थाना पुलिस को देकर अपनी पत्नी पूजा यादव और उसके रिश्तेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए सोने चांदी के जेवर बरामद करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है लेकिन घटना को कई दिन बीत जाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर और नगद रुपए बरामद नहीं किया है मामले में बीट के सिपाही और उप निरीक्षक की भूमिका सवालों के घेरे में है।

हिन्दू हित की अखंड भारत के संकल्पना की नींव की पहली ईट : अवधेश नारायण शुक्ला

मूरतगंज ब्लॉक इकाई की हुई घोषणा सैकड़ो की संख्या में मौजूद रहे संगठन के कार्यकर्ता, दीपक मौर्य बने अध्यक्ष, शिवम पाण्डेय को बनाया गया ब्लॉक प्रभारी

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जो भी संगठन और राजनीतिक दल हिंदू हित की बात करेगा उसे ही भारत पर शासन करने का अधिकार होगा अखंड भारत की हमारी जो संकल्पना है उसकी नींव की पहली ईट हिंदू हित से ही रखी जा सकती है। आज देश में सनातनी जाग रहा है और वह अपने हित की बात कर रहा है जो भारत के सुनहरे भविष्य की ओर इशारा कर रहा है उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने मूरतगंज में आयोजित बैठक के दौरान कही। इस मौके पर दीपक मौर्य ब्लॉक अध्यक्ष की घोषणा की गई साथ ही जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवम् पाण्डेय को ब्लॉक प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने संगठन के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह गांव गांव में पहुंचकर संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। इसके साथ दूसरे धर्म के लोगों द्वारा हिंदू समाज के लोगों को विभिन्न प्रकार से परेशान और प्रताड़ित किया जा रहा है, ऐसे लोगों की आवाज बनकर हिंदू जागरण मंच को उभरना है। आज भी अधर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार से भारत में हिंदुओं के जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। हमारी बहन बेटियों को शिकार बनाया जा रहा है जिसके लिए हम सभी को जागरुक होकर अपने समाज का प्रहरी बनना होगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में दीपक मौर्य तो प्रभारी के रूप में जिला कार्यकारिणी सदस्य शिवम पांडे को नामित किया गया ब्लॉक उपाध्यक्ष के रूप में शुभांशु अग्रहरी, डॉ चैन सिंह, बृजेश उपाध्याय, कार्तिकेय यादव की घोषणा की गई। जबकि ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विकास पटेल, संजय शर्मा, सोनू भारतीय, मिथिलेश चौधरी, जय चंद पटेल को घोषित। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से प्रमोद केशरवानी बेद पाण्डेय रजत पाण्डेय, सर्वेश पटेल, शेखर मिश्रा, रमेश चंद्र जयसवाल, आदित्य कश्यप, संदीप कुमार, रामू, अनुज पाण्डेय, जिया लाल पटेल, राजन पंडा आयुष कुमार, बृजेश पांडे, अंकुर मिश्रा, नरेंद्र तिवारी, सुनील त्रिपाठी, अनूप यादव, सुनील कुमार मौर्य आदि सैकड़ों कार्यकर्ता रहे।

न्यूज झरोखा

चौकी पुलिस के संरक्षण मे बिक रही है अवैध जहरीली शराब

कौशाम्बी। जहां एक तरफ राज्य सरकार ने शांति व्यवस्था को कायम रखने के लिये तरह तरह के नियम व आदेश जारी कर रही है वहीं दूसरी तरफ उन्ही की पुलिस खाकी वर्दी को दांव पर लगाकर चन्द रुपयों के लिये थाने व चौकी की पुलिस अवैध जहरीली शराब को बन्द करवाने का प्रयास नहीं कर रही है जिससे अवैध शराब की भट्ठी अवैध तरीके से संचालित हो रही हैं योगी आदित्यनाथ के शांति व्यवस्था पर थाना चौकी पुलिस पानी फेर रही है जो बड़ी जांच का विषय है पिपरी थाना के लोधउर चौकी क्षेत्र के औधन गांव मे भारी मात्रा मे अवैध जहरीली शराब बनाई जाती है जिसको पीकर लोग अपना आपा खो बैठते है जिससे गांव के गलियों व चौरहों पर गाली गलौज व हुड़दंग मचाते हैं जिससे सभ्य लोगों का जीना मुहाल कर देते हैं अगर इनका किसी ने विरोध किया तो उक्त शराबी के परिजन दबंगई पूर्वक मार-पीट पर भी उतारु रहते हैं मगर कोई जाये तो कहां जाये सिर्फ पुलिस चौकी लेकिन वहां भी उनको न्याय नही मिलता क्यों कि क्षण भर के लिये पुलिस पकड़ती तो है बस घन्टे दो घन्टे के लिये लेकिन अवैध शराब कारोबारी व शराबियों के हौसले कम नही होते जो बड़ी जांच का विषय है अब आखिर इन शराब कारोबारी व शराबियों को किनका संरक्षण मिल रहा है इस सवाल का जवाब आम जनमानस योगी सरकार से चाहती है

थाना पुलिस ने पैदल गस्त कर लिया कानून व्यवस्था का जायजा

कौशाम्बी। जनपद में कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में सोमवार की शाम को थाना कोखराज पिपरी चरवा मंझनपुर मोहब्बतपुर पाइंसा महेवाघाट कौशांबी पश्चिम शरीरा सैनी कड़ा धाम करारी सराय अकिल संदीपन घाट आदि थाना पुलिस द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में पैदल गश्त किया गया एवं संदिग्ध व्यक्ति वाहनों की चेकिंग की गई।

महिला पुलिस की मनचलों पर कड़ी नजर

कौशाम्बी। महिला थाना पुलिस टीम द्वारा ओसा चौराह पर पैदल गश्त कर चेकिंग किया गया एवं मनचलो पर कड़ी नजर रखी गयी तथा महिलाओं को शासन द्वारा चलाये जा रहे हेल्प लाइन नम्बरों- 1090,1098,1076,112,आदि को बता कर जागरूक किया गया ।

सीओ ने महेवाघाट क्षेत्र में किया पैदल गस्त

कौशाम्बी क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना महेवाघाट पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया इस दौरान व्यापारी बंधुओ से सीसीटीवी केनरा लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई व भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों गाड़ियों की चेकिंग पुलिस टीम द्वारा की गई।

दो परिवारों को पुलिस ने कराया एक

कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र के माध्यम से 02 जोड़ों को उनकी खुद की सहमति से सुलह समझौता कराया गया तथा एक दूसरे को पुष्प माला पहनाकर विश्वास दिलाया गया कि अब हम नव जीवन की नई शुरूआत करेंगे।

एसडीएम के साथ सीओ ने किया पैदल भ्रमण

कौशांबी। उप जिला अधिकारी सिराथू ने क्षेत्राधिकारी सिराथू और थाना सैनी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में पैदल गश्त कर कानून व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया इस दौरान व्यापारी बंधुओ से सीसीटीवी कैमरा लगाने और सड़क पर अवैध अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की एवं भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने संदिग्ध व्यक्तियों गाड़ियों की चेकिंग की।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष राकेश सोनकर और मोहम्मद यासीन चुने गए उपाध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कौशांबी का वार्षिक चुनाव सोमवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर में संपन्न हुआ चुनाव में 3 पदों पर वोट डाले गए जिसमें अध्यक्ष, महामंत्री, आय-व्यय निरीक्षक, के पद पर चुनाव हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर 3 लोगों ने नामांकन किया था जिसमें राकेश सोनकर को 22 मत मिले और जीत हासिल किया। दूसरे नंबर पर अशोक केसरवानी को 10 मत मिले। महामंत्री के पद पर 2 लोगों ने चुनाव लड़ा था जिसमें इंतजार उर्फ सगीर हुसैन को 20 मत मिले और जीत हासिल किया अमरनाथ झा को 10 वोट मिले और हार का सामना करना पड़ा आय व्यय निरीक्षक के पद पर दो लोग मैदान में थे जिसमें अयमान अहमद को 17 मत मिले और जीत हासिल किया नितिन अग्रहरि को 15 मत मिले। राकेश कुमार सोनकर अध्यक्ष और सगीर हुसैन उर्फ इंतेजार महामंत्री चुने गए मो. यासीन उपाध्यक्ष और राम किशन पटेल कोषाध्यक्ष और दीपक डालमिया संगठन मंत्री और अयमान अहमद आय-व्यय निरीक्षक चुने गए चुनाव बड़े शांति के साथ संपन्न हुआ। पत्रकारों ने और जिले के लोगो ने दिया बधाई। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब कौशांबी का वार्षिक चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए क्लब के सभी साथियों का नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने दिल से आभार व्यक्त किया है क्लब के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला एवं अपर जिला सूचना अधिकारी रवि जायसवाल का भी दिल से आभार जताया है इसके अलावा चुनाव समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं संस्थापक शेष धर तिवारी ओमनीष निवर्तमान अध्यक्ष अभिसार भारतीय, निवर्तमान संगठन मंत्री अरविंद तिवारी, वाकिफ अख़्तर, राहुल भट्ट एवं दीपक डालमिया का सराहनीय सहयोग रहा।

नूह में हिंसा करने वाले गुनहगारों को दी जाए फांसी की सजा : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के तमाम कार्यकताओं ने सोमवार को सिराथू तहसील क्षेत्र में धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सिराथू को सौंपा है ज्ञापन के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने कहा कि हरियाणा के नूह में हुई हिंसा बेहद शर्मनाक है और हिंसा करने वाले गुनहगारों को फांसी की सजा दी जाए वक्ताओं ने कहा कि देश में हिंदू अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है देश में हिंदू समाज की भावना को निरंतर आहत किया जा रहा है जिससे हिंदुओं में असुरक्षा की भावना का निर्माण हो रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने कहा कि केरल गुजरात राजस्थान उत्तर प्रदेश मणिपुर हरियाणा कर्नाटक कश्मीर में जिहादियों द्वारा निर्दोष हिंदुओं की हत्या की जा रही हैं जो बेहद चिंता का विषय है बहन बेटियों के साथ लव जिहाद रेप हत्या की घटनाएं आए दिन हो रही हैं वक्ताओं ने कहा कि गाय काटी जा रही हैं अपने ही देश में हिंदू समाज की बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है बहन बेटियों को सुरक्षा दी जाए शिव मंदिरों में सावन मास में जलाभिषेक करने जाने वाले कांवड़ यात्रियों पर हमले किए जा रहे हैं वहां जलाया जा रहे हैं कावड़ यात्रा रोकने का प्रयास हो रहा है जो बेहद चिंता का विषय है वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठिए जिहादियों की पहचान कर इन्हें तत्काल देश से बाहर निकाला जाए यह देश की अमन-चैन सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके है धरना प्रदर्शन और ज्ञापन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संपादकीय

किसे नामंजूर है यूनिफॉर्म सिविल कोड ?

आर.के.सिन्हा

आप देख ही रहे होंगे कि देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी 'समान नागरिक संहिता' को लागू करने की कोशिशें फिर से शुरू होते ही कठमुल्ला मुसलमान और कई तरह के राष्ट्रविरोधी और अलगाववादी तत्व लामबंद होने लगे हैं। वे कहने लगे हैं कि वे इस कानून को कतई स्वीकार नहीं करेंगे। इसके साथ ऐसे लोग भी इसका विरोध कर रहे हैं जो कुछ वर्षों से दलित-मुस्लिम एकता के बड़े पैरोकार होने का दावा करते हैं। अब उन्हें यह कौन बताए कि बाबा साहेब आम्बेडकर ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को देश के लिये निहायत जरूरी बताया था। बाबा साहेब ने 23 नवंबर 1948 को संविधान सभा की बहस में यूनिफॉर्म सिविल कोड के हक में जोरदार भाषण दिया था । जो मुसलमान मुस्लिम पर्सनल लॉ के लिए मरने-मारने की बातें कर रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि उन्हें शरीयत कानून इतना ही प्रिय है तो वे बैंकों से मिलने वाले ब्याज को क्यों लेते हैं। इस्लाम में तो ब्याज लेने पर रोक है। शराब क्यों पीते हैं ? जाहिर है, वे इस सवाल को सुनते ही पतली गली से आगे निकल जाते हैं। यकीन मानिए कि अंधकार युग में जीने की हसरत रखने वाले इन वालों को यह भी सुनना पसंद नहीं है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्किये, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्र, आयरलैंड आदि देशों में भी पहले से ही लागू हैं। यानी अमेरिका जैसा संसार का सबसे अहम देश यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू कर चुका है और अनेक इस्लामिक देश भी इसके प्रति निष्ठा रखते हैं। इन सभी देशों में सभी धर्मों के नागरिकों के लिए एक समान कानून है और किसी धर्म या समुदाय विशेष के लिए अलग कानून नहीं हैं। कुछ कठमुल्लों के अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड का कहीं कोई विरोध भी नहीं है। अपने को मुसलमानों का प्रवक्ता बताने वाले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से कहा जा रहा है कि संविधान निमार्ताओं ने मजहबी आजादी को बरकरार रखा था। लोकतांत्रिक देश में किसी पर एक कानून थोपना उसूलों के खिलाफ है। जैसे दक्षिण भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले मामा-भांजी से शादी करते हैं । लेकिन, यह उत्तर भारत में नहीं होता है। ऐसे बहुत से मामले में है जिनमें इस कानून के तहत विरोध नजर आएगा। ये बहुत लुंज-पुज तर्क है। एक बात नोटिस करें कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी वक्फ संपत्तियों में होने वली लूट पर कोई बयान नहीं देता। देश में वक्फ की संपत्तियों को दोनों हाथों से कब्जाया जा रहा है। पर मजाल है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कभी इसके खिलाफ बोले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड के मसले को कुछ समय पहले भोपाल में उठाया। तब ही से इस प्रश्न पर बहस छिड़ी हुई है। पर, ये मुद्दा कोई नया तो नहीं है। कई दशकों से इस पर बहस चल रही है।सुप्रीम कोर्ट भी कुछ मामलों में इसका जिक्र कर चुका है। जिनमें से सबसे पहला और बड़ा मामला इंदौर की बुजुर्ग महिला शाहबानो का है। जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ को दरकिनार करते हुए हाई कोर्ट और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया था। दरअसल मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए तीन तलाक को खत्म कर दिया है । उन्होंने कहा था कि इससे मुस्लिम महिलाओं को सबसे बड़ी राहत देने का काम हुआ है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि तीन तलाक के कानून बनने के बाद 95 प्रतिशत ऐसे मामले बंद हो गये। इसे यूनिफॉर्म सिविल कोड से जोड़कर देखा गया। तब कहा गया कि सरकार की तरफ से यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ पहला कदम बढ़ा लिया गया है। शाहबानो का मामला भी इसी ट्रिपल तलाक से जुड़ा हुआ था, जिसकी सुनवाई के दौरान बाद में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र आया था। मैं यहां पर शाहबानो केस को संक्षेप में बताना चाहता हूं। शाहबानो का कम उम्र में निकाह इंदौर के एक वकील मोहम्मद अहमद खान से हुआ। फिर दोनों के पांच बच्चे भी हो गए, लेकिन निकाह के करीब 14 साल बाद अहमद खान ने दूसरा निकाह कर लिया। अहमद ने 1978 में शाहबानो को तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया और घर से बेदखल कर दिया। तब खान ने शाहबानो को 200 रुपये हर महीने गुजारा भत्ता देने का वादा किया। पर वो इससे भी मुकर गया। तब 62 साल की शाहबानो ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला किया। पेशे से वकील अहमद खान ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देते हुए शाहबानो को गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट ने शाहबानो के हक में फैसला दिया। अब शाहबानो का पति अहमद सुप्रीम कोर्ट में चला गया। सुप्रीम कोर्ट में भी उसकी अपील खारिज हुई। पर तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक अप्रत्याशित फैसला लेते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को एक अध्यादेश लाकर पलट दिया। इसके बाद राजीव गांधी सरकार मुस्लिम महिला (अधिकार और तलाक संरक्षण) विधेयक 1986 लेकर आई और इससे सुप्रीम कोर्ट का फैसला शून्य हो गया। इसके बाद मुस्लिम विवाह के मामले में फिर से शरीयत कानून को लागू कर दिया गया। तो भारत को एक प्रगतिशील देश बनाने के रास्ते में कांग्रेस ने खूब अवरोध खड़े किए। पर यह तो मानना ही होगा कि सुप्रीम कोर्ट यूनिफॉर्म सिविल कोड की जरूरत बार-बार बता चुका है। यह जानना जरूरी है कि क्या है समान नागरिक संहिता? दरअसल समान नागरिक संहिता 'एक देश एक कानून' की विचारधार पर आधारित है। यूनिफॉर्म सिविल कोड के अंतर्गत देश के सभी धर्मों और समुदायों के लिए एक ही कानून लागू किए जाने का प्रस्ताव है। यूनिफॉर्म सिविल कोड में संपत्ति के अधिग्रहण और संचालन, विवाह, तलाक और गोद लेना आदि को लेकर सभी के लिए एक समान कानून बनाया जाना है। इस बीच, कुछ लोग कहने लगे हैं कि यूनिफॉर्म सिविल कोड के लागू होने की स्थिति में आदिवासियों की संस्कृति और

वाणिज्यिक, उद्योग और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी अमृत भारत स्टेशन

सुनील कुमार महला

हाल ही में 6 अगस्त 2823 को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत भारत स्टेशन योजना को ऑनलाइन लॉन्च किया है। अमृत भारत स्टेशन योजना एक साथ देशभर के 508 स्टेशनों के नवीनीकरण की बहुत ही अहम और महत्वपूर्ण योजना है। यह बहुत ही अच्छी बात है कि इस योजना के तहत पूरे भारत में 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखी गई है। आज जब हम आजादी के अमृत महोत्सव को मना रहे हैं, ऐसे समय में रेल के क्षेत्र में एक नये अध्याय को शुरू होता हम देख रहे हैं। भारत आज विकासशील देश से विकसित बनने की ओर लगातार अग्रसर है और इससे अच्छी बात भला और क्या हो सकती है कि अब भारत के करीब 1300 प्रमुख रेलवे स्टेशन अमृत भारत रेलवे स्टेशन के तौर पर विकसित किए जाएंगे और उनका पुनर्विकास आधुनिकता के साथ होगा। वास्तव में सरकार के इस कदम से रेलवे के क्षेत्र में हमारा देश नये सोपानों, प्रतिमानों को छू पायेगा। देश की आम जनता के साथ साथ देश के सभी राज्यों को इसका लाभ मिल सकेगा।

इस योजना के तहत अब उत्तर प्रदेश में करीब 4500 करोड़ रुपये के खर्च से 55 अमृत स्टेशनों को आधुनिक तरीकों से विकसित किया जाएगा। इतना ही नहीं, इस योजना के तहत राजस्थान के भी 55 रेलवे स्टेशन अमृत रेलवे स्टेशन बनेंगे। बताया जा रहा है कि रेलवे स्टेशनों के पुनर्वास में राजस्थान और उत्तर प्रदेश के अलावा बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात और तेलंगाना के 21-21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के 18-18, हरियाणा के 15 और कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इस योजना पर 24,470 करोड़ की लागत आएगी। अमृत भारत स्टेशन स्कीम 2023 के माध्यम से देश के 68 मंडलों के सभी 15 स्टेशनों का विकास किया जाएगा। जानकारी मिलती है कि इसके अंतर्गत किसी भी स्टेशन का नवीनीकरण और अपग्रेडेशन कम से कम डेढ़ साल के अंदर ही पूरा किया जाएगा। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारतीय बोर्ड द्वारा आरंभ 200 बड़े स्टेशनों के नवीनीकरण की योजना इस योजना से अलग है।इस योजना के माध्यम से सभी रेलवे स्टेशनों पर रूफ प्लाजा और सिटी सेंटर का विकास भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्टेशनों के नवीनीकरण में दिव्यांग नागरिकों के लिए स्पेशल सुविधा की भी व्यवस्था की जाएगी। इतना ही नहीं,इस योजना के माध्यम से स्टेशनों में नवीन सुविधाओं का आरंभ करने के साथ साथ पुरानी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा।

देश के ऐसे स्टेशन जहां पर विस्तृत तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता का अध्ययन किया गया है उन सभी स्टेशनों को भी इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा। इसक साथ योजना का फायदा यह होगा कि इससे देश के सभी नागरिकों को ट्रेनों की सही जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस कार्य के भली भांति संचालन हेतु रेलवे बोर्ड के द्वारा महत्वपूर्ण जगहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स, डिस्प्ले आदि का निर्माण किया जाएगा, इसके माध्यम से रेलवे का टाइम और अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से नहीं पूछना पड़ेगा और ये दूर से भी बड़ी आसानी से देखे जा सकेंगे। इस योजना के माध्यम से प्रकाश(लाइट) की उत्तम सुविधा उपलब्ध करवाना, अवांछित(अनवांटेड)संरचनाओं(स्ट्रक्चर्स) को हटाना, पैदल मार्ग बनाना, सड़क को चौड़ा करना और आधुनिकीकरण से पार्किंग एरिया बनाना आदि कार्यों को भी किया जाएगा। इसके साथ ही योजना के माध्यम से हरे पैच और स्थानीय कला और संस्कृति का उपयोग नागरिकों को उच्च अनुभव प्रदान करने हेतु प्रदान किया जाएगा, मतलब यह है कि नागरिकों द्वारा जिस भी स्टेशन पर ठहरा जाएगा, उसी स्टेशन से नागरिकों को उस शहर की कला तथा संस्कृति की जानकारी प्राप्त हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय रेलवे बोर्ड द्वारा इस योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का विकास करने हेतु 10 से 20 करोड़ रुपए का खर्च करने का प्रावधान रखा गया है। साथ ही सब स्टेशनों के पास दूसरे प्रवेश स्टेशन को भी तैयार किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त स्टेशनों नवीनीकरण में विभिन्न ग्रेड/प्रकार के प्रतीक्षालय को क्लब करने के साथ अच्छे कैफेटेरिया की सुविधा को भी जोड़ा जाएगा, इसमें प्रतीक्षालयों को छोटे-छोटे विभाजन में वगीर्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही इसके अंतर्गत कार्यकारी लाउंज तथा छोटी व्यावसायिक बैठक के लिए स्थान की व्यवस्था भी की जाएगी। यहां तक कि सड़कों को चौड़ा किया जाएगा, और इसके साथ ही इस योजना के माध्यम से उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, पैदल मार्ग, सुनियोजित पार्किंग क्षेत्रों आदि की भी व्यवस्था की जाएगी।देश में नागरिकों की सुचारू पहुँच सुनिश्चित करने हेतु स्टेशनो में सुधार किया जाएगा, इसके साथ ही स्टेशनों में भूनिर्माण, हरे पैच, स्थानीय कला और सांस्कृतिक तत्वों से स्टेशन आदि को उपयोगकताओं के लिए एक सुखद अनुभव प्रदान करने हेतु सुसज्जित किया जाएगा, इस कार्य को उपयुक्त पेशेवरों की सहायता से पूर्ण किया जाएगा। निःशुल्क वाई फाई(5 जी कनेक्टीविटी), महिलाओं व दिव्यांगो के लिए विशेष सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जिन 508 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों के शुभारंभ के साथ पूरे भारत में ह्यअमृत भारत स्टेशन योजनाह्ल का उद्घाटन किया गया है, इनमें से 71 रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे जोन में हैं। एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में छपी खबर से यह जानकारी मिलती है कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीफा, यूक्रेन, पोलैंड, यूके और स्वीडन जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है उससे अधिक रेल ट्रैक हमारे देश में इन 9 वर्षों में बिछाए गए हैं। साउथ कोरिया, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में कुल जितना रेल ट्रैक है उससे अधिक रेल ट्रैक भारत में अकेले पिछले साल बनाए हैं। विकीपीडिया पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारतीय रेल (यानी कि भा.रे.), भारत सरकार-नियंत्रित सार्वजनिक रेलवे सेवा है। भारत में रेलवे की कुल लंबाई 115,000 किलोमीटर है।

भारतीय रेलवे रोजाना 231 लाख यात्रियों और 33 लाख टन माल ढोती है। भारतीय रेलवे के स्वामित्व में, भारतीय रेलवे में 12147 लोकोमोटिव, 74003 यात्री कोच और 289,185 वैगन हैं और 8,702 यात्री ट्रेनों के साथ प्रतिदिन कुल 13,523 ट्रेनें चलती हैं। भारतीय रेलवे में 300 रेलवे यार्ड, 2300 माल ढुलाई और 700 मरम्मत केंद्र हैं। यह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है।यह बहुत अच्छी बात है कि आज भारतीय रेलवे आधुनिक बनने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी लगातार कार्य कर रही है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2030 तक भारत एक ऐसा देश होगा जिसकी रेलवे नेट जीरो उत्सर्जन पर चलेगी। आज देश में लगभग लगभग बिजली से ट्रेनें चलाई जा रही हैं। नेरो गेज को मीटर गेज में बदला जा चुका है। रेलवे स्टेशनों व रेलों की साफ सफाई में भी आमूल चूल परिवर्तन आए हैं। देश में आधुनिक वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं भारत कि रेल नेटवर्क विश्व का सबसे बड़ा और व्यस्ततम रेलवे नेटवर्क है, जो देश के सैकड़ों हजारों शहरों और नगरों को परस्पर जोड़ता है और लाखों लोगों को यातायात का एक महत्वपूर्ण साधन उपलब्ध कराता है। पिछले कुछ वर्षों से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया चल रही है और इसके अंतर्गत रेलवे के आधारभूत ढांचे(इंफ्रास्ट्रक्चर), तकनीक(टेक्नोलॉजी)और यात्री सुविधाओं को लगातार पहले से कहीं और अधिक बेहतर व अच्छा बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

हाल फिलहाल, जानकारी मिलती है कि इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों की पुनर्सज्जा, नई रेलवे लाइनें बिछाने, रेलवे का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और यात्रियों एवं विभिन्न परिसंपत्तियों की संरक्षा को बढ़ाने जैसी व्यापक गतिविधियां शामिल हैं। आज के इस युग में भी रेलवे लोगों के परिवहन का प्रमुख और सबसे पसंदीदा साधन है और यह बहुत अच्छी बात है कि सरकार लगातार रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दे रही है।

क्या कांग्रेस के लिए मध्यप्रदेश में चलेगा बजरंगबाण?

अशोक भाटिया

कर्नाटक चुनाव के बाद अब सियासत का नया ठिकाना मध्यप्रदेश बन चुका है। जहां हर चुनावी वादों, दावों के साथ सियासत गरमाने वाले मुद्दे आजमाए जा रहे हैं। खासकर वो मुद्दे अब मध्यप्रदेश में जोर-शोर से गूंज रहे हैं जिन्हें कांग्रेस कर्नाटक में TRY AND TEST कर चुकी है और शायद कांग्रेस यही मानकर चल रही है कि जो मुद्दे वहां बजरंग बाण साबित हुए, वे यहां भी बेड़ा पार लगाएंगे। कर्नाटक में सत्ता संभालते ही कांग्रेस ने धर्मांतरण संबंधी कानून निरस्त कर दिया। कर्नाटक फामूर्ला कांग्रेस के लिए संजीवनी बन कर आया है लेकिन क्या ये फामूर्ला मध्यप्रदेश में भी संजीवनी साबित होगा या यहां कांग्रेस को दूसरा फामूर्ला लगाना होगा, इस बात का अंदाजा लगाना फिलहाल कठिन है। लेकिन फिलहाल तो कांग्रेस को कर्नाटक के मुद्दों पर ही भरोसा कर रही है। मध्यप्रदेश की सियासत में धर्मांतरण की सियासत सुलग ही जाती है। बीते दिनों भोपाल और इंदौर के साथ दमोह जैसे छोटे शहर भी सुर्खियों में आए तो सियासत भी खूब गरमाई और वार-पलटवार का भी दौर चला है। अब फिर कर्नाटक से बयार चली है। धर्मांतरण के मुद्दे की आग ने भी तेजी पकड़ी, वहीं भाजपा ने कांग्रेस से पूछा कि क्या ये पीसीसी चीफ कमलनाथ का भी स्टैंड है। गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस का हाथ, जिहादियों का हाथ बता दिया ।

मध्यप्रदेश की बात की जाए तो पिछले कुछ दिनों में धर्मांतरण की सियासत खूब सुलग रही है फिर चाहे वो दमोह के गंगाजमुना स्कूल का मामला हो या भोपाल और जबलपुर में संदिग्ध आंतकियों की गिरफ्तारी का मामला हो, जाहिर है भाजपा कर्नाटक में रद्द किए गए धमार्तंरण कानून को एक मौके के तौर पर देख रही है।इधर भाजपा की आरोपों पर कांग्रेस ने भी पलटवार किया है। कांग्रेस का कहना है भाजपा नेता कर्नाटक की छोड़े, मध्यप्रदेश की बात करें। क्या कर्नाटक से उठी हवा मध्यप्रदेश में चिंगारी का काम करेगी, यह समझने के लिए फिलहाल थोड़ा इंतजार करना होगा लेकिन इतना तय है कि कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश की सियासत में नए सिरे से नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही हैं । गौरतलब है कि कमलनाथ 2015 में सांसद थे। तब उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा के सिमरिया में भगवान हनुमान की एक विशाल प्रतिमा बनवाई। 101 फीट 8 इंच की ये प्रतिमा मध्य प्रदेश में हनुमान की सबसे ऊंची मूर्ति है। सिमरिया वाले इसी हनुमान मंदिर के पास कमलनाथ राम कथा करवा रहे हैं। कथा करने के लिए उन्होंने बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र शास्त्री को बुलाया है। तीन दिन की इस राम कथा को यूं तो पूरी तरह धार्मिक बताया जा रहा है लेकिन चुनावी माहौल में इसके राजनीतिक कारण छिपाए नहीं छिप रहे हैं। कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में हिंदुत्व के पोस्टर बॉय बन रहे हनुमान भक्त पंडित धीरेंद्र शास्त्री 4 से 7 अगस्त तक राम कथा करेंगे। सिमरिया वाले हनुमान मंदिर के पास इस कार्यक्रम के लिए तीन विशाल डोम बनाए गए हैं। यहां शनिवार को राम कथा का आयोजन हुआ तो कमलनाथ पूरे परिवार के साथ पहुंचे और वहां आए लोगों को संबोधित भी किया। कमलनाथ मानना है कि भारत कोई आर्थिक शक्ति नहीं है। भारत कोई सैन्य शक्ति नहीं हैं। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी आध्यात्मिक शक्ति है।

अपने संबोधन में कमलनाथ ने धीरेंद्र शास्त्री को महाराज कह कर पुकारते है और उन्हें भारत की आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बताने लगे है । इस प्रकरण से कांग्रेस की राजनीति को देखने समझने वालों की भौं जरूर चढ़ गई होंगी। धर्मनिर्पेक्षता की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी का नेता हिंदू राष्ट्र की खुली वकालत करने वाले शख्स को भारत की आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बता रहे है।

दरअसल ये एक बयान नहीं है, बल्कि देश की सबसे पुरानी पार्टी की बदलती रणनीति है। इस नीति के तहत पार्टी हिंदुत्व के मुद्दे पर अपना रुख नरम कर रही है ताकि कांग्रेस मुक्त भारत बनाने का सपना देखने वाले भाजपा के स्वभाविक से बन रहे हिंदू वोट बैंक में सेंध लगाई जा सके। साथ ही कमलनाथ ने इस बयान के जरिए शास्त्री के प्रशंसकों को अपनी ओर खींचने का प्रयास किया है। बागेश्वर धाम वाले धीरेंद्र शास्त्री मध्य प्रदेश के ही हैं और सूबे में उनकी लोकप्रियता काफी बढ़ी है। ऐसे में कमलनाथ इस कार्यक्रम के जरिए बागेश्वर बाबा की लोकप्रियता को भी भुनाना चाहते हैं। अब तक ये काम भाजपा के नेता ही कर रहे थे, वो ही बागेश्वर बाबा की कथाएं करा रहे थे लेकिन अब इस लिस्ट में कांग्रेस पार्टी के नेता का नाम भी जुड़ गया है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भी इस कथा के दौरान कमलनाथ को अपना आशीर्वाद दिया। इसी दौरान उन्होंने एक ऐसा बयान भी दे दिया, जिससे सूबे की आदिवासी जनता को साधा जा सके। शास्त्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में वो कमलनाथ के आग्रह पर आए हैं और ये कथा आदिवासियों के सम्मान में की जा रही है। यहां बता दें कि छिंदवाड़ा आदिवासी बहुल इलाका है। सूबे की सियासत में 82 सीटों पर जनजाति समाज का सीधा दखल है। ऐसे में कोई पार्टी इस वोट बैंक को हाथ से छिटकने नहीं देना चाहती। पिछले काफी समय से इस वर्ग को हिंदू धर्म से जोड़ते हुए दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। अब कांग्रेस भी इस प्रयास में बाधा बनने की जगह इस अवसर का फायदा उठाने की कोशिश में लग गई है।

आदिवासी समाज को लुभाने के लिए एक तरफ कमलनाथ ने उनके इलाके में रामकथा कराई है तो कांग्रेस पार्टी के नेता पिछले कुछ समय से उन्हें शिव और हनुमान से जोड़ रहे हैं। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के विधायक और पूर्व मंत्री उमंग सिंघार ने हनुमान को आदिवासी बताया था। उन्होंने कहा कि भगवान राम को लंका ले जाने वाली बंदरों की सेना नहीं बल्कि आदिवासी लोग थे। उनसे पहले वरिष्ठ विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया भी हनुमान को आदिवासी बता चुके थे।

इस समय कमलनाथ बाबा से आशीर्वाद पाने के लिए बेचैन रहे क्योंकि साल चुनावी है ऐसे में कमलनाथ की चाह सियासी आशीर्वाद की रही । हवा देखकर सियासत का रुख बदलने में माहिर कमलनाथ बाबा बागेश्वर के सहारे अपना सियासी एजेंडा सेट करने में लगे हैं। वो एक तीर से दो निशाने लगा रहे हैं। एक विधानसभा चुनाव में जीत दर्जकर सत्ता में वापसी हो जाए। साथ ही अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में बेटे का सियासी भविष्य मजबूत करना। दरअसल मध्य प्रदेश में 20 आदिवासी बाहुल्य जिले हैं जहां कुल 84 विधानसभा सीटों पर आदिवासी वोटर जीत के सबसे बड़े फैक्टर हैं। 2013 में इन 84 में 59 सीट भाजपा ने जीती थी लेकिन 2018 में ये ग्राफ घटकर 34 पहुंच गया और भाजपा सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस इसी स्ट्राइक को बरकरार रखना चाहती है और इसीलिए आदिवासी समाज के नाम पर बाबा का दरबार सजाया गया है। मध्य प्रदेश में साल के आखिर में चुनाव हैं ऐसे में नकुलनाथ को राम और हनुमान दोनों एक साथ याद आ रहे हैं।

देश की बिगड़ी हुई स्थिति के लिए कहीं ना कहीं आधार भी जिम्मेदार है

मुक्ता तैलंग 'मुक्त'

भारत में पहचान पत्र की एक लंबी श्रृंखला के बीच आधार कार्ड हमारी राष्ट्रीय पहचान बनाकर हमारे समक्ष लाया गया क्योंकि आधार कार्ड में जन्म के प्रमाण पत्र, आवास प्रमाण पत्र और शैक्षिक प्रमाण पत्र के विवरण के साथ हमारी फोटो और हमारी उंगलियों की छाप होती थी। तो ऐसा माना जाने लगा कि- आधार कार्ड को यदि बैंकिंग प्रणाली, शैक्षिक प्रणाली, व्यावसायिक प्रणाली एवं अन्य लाभदायक योजनाओं के साथ जोड़ दिया जाए तो आधार कार्ड लिंक हो जाने पर धोखाधड़ी की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। कोई भी व्यक्ति किसी योजना में एक से अधिक बार लाभ नहीं उठा पाएगा। आधार कार्ड के नंबर डालते ही व्यक्ति की पहचान सामने आ जाएगी। कोई भी व्यक्ति संपूर्ण भारत में किसी भी स्थान पर जाता है तो पहचान के रूप में उससे आधार कार्ड ही मांगा जाता है होटलों में, सार्वजनिक स्थलों पर, मकान किराया देते समय, व्यवसाय या नौकरी पर रखते समय, रेल, बस, हवाई जहाज में यात्रा करते समय। ओबीसी, जनजाति, अल्पसंख्यको को मिलने वाली लाभकारी अनेकानेक योजनाओं, पेंशन, छात्रवृत्तियों में भी आधार कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। तो इससे हम समझ सकते हैं कि एक आधार कार्ड कितना महत्वपूर्ण होता है। चाहे आपने आधार कार्ड अपने कागजों के भौतिक सत्यापन के बाद बनवाया हो या फिर बिना कागज दिए बनवाया हो, आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। एक बार आधार कार्ड बन गया तो आप भारतीय नागरिक कहलाएंगे और भारत में मिलने वाली समस्त योजनाओं के लाभ पूरी तरह से आपको मिलने प्रारंभ हो जाएंगे। आप चाहे जन्म से यहीं पर रहते हों। आपके बाप दादा यहीं पर रहते हों। आपका एक फैमिली बैकग्राउंड हो जो भारत में एस्टेब्लिश हो। आपके आधार कार्ड की पहचान भी वही होगी जो एक ऐसे व्यक्ति के आधार कार्ड की पहचान है जो कुछ समय पहले ही इस देश में कहीं बाहर से आया है। उसने यहां की नागरिकता नहीं ली क्योंकि वह स्वयं अनपढ़ है उसकी पत्नी अनपढ़ है तो कहीं भी पूरे भारत में उनका नाम या पहचान दर्ज होने का सवाल ही नहीं उठाता और यह भी प्रश्न नहीं किया जा सकता कि आप कब से यहां रह रहे हैं? उनके पास एक ही जवाब होता है कि हम तो गरीब लोग हैं। मजदूरी करके पेट पालते हैं। झोपड़ियों में रहते हैं हमें कुछ जानकारी ही नहीं है। तो ऐसी स्थिति में व्यक्ति को स्वयं अधिक प्रयास करने की आवश्यकता नहीं होती है। सरकारी तंत्र स्वतः ही उसकी सहायतार्थ सक्रिय हो जाता है। उन झोपड़िया में रहने वाले लोगों को योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए। इसे समाज सेवा भी कहते हैं और जिम्मेदारी भी क्योंकि भारत के गरीब से गरीब व्यक्ति तक भी समस्त योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहिए बहुत ही अच्छी विचारधारा है लेकिन इस विचारधारा में कितनी धाराएं गुम हो चुकी हैं, हमारे पास समझने के लिए समय ही नहीं है।

हमारे आधार कार्ड से हमारा पर्सनल मोबाइल नंबर लिंक्ड होता है जो नंबर हम बदल नहीं सकते क्योंकि जहां-जहां हमने आधार कार्ड दिया है वहां हमें अपना वही मोबाइल नंबर भी देना पड़ता है और आधार कार्ड में कोई भी संशोधन करवाना पड़े तो ओटीपी इस मोबाइल नंबर पर आता है अन्यथा कोई संशोधन नहीं होता है। तो एक तरह से आधार कार्ड बन जाने का मतलब हुआ कि - व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। उसके समस्त दस्तावेजों की पहचान कर ली गई है। उसके आवास के प्रमाण पत्र देख लिए गए हैं। उसकी शैक्षिक और सामाजिक स्थिति की परख भी कर ली गई है। दूसरी तरह के आधार कार्ड बनवाने के लिए किसी पहचान की आवश्यकता नहीं है क्योंकि जो लोग यह आधार कार्ड बनवाते हैं, वे अपने आप को निरक्षर, गरीब, मजदूर बताते हैं। व्यक्ति निरक्षर है, उसे किसी योजना की जानकारी नहीं है। ना घर है ना जमीन यानी कोई भी लिखित दस्तावेज उसके पास नहीं है। वो कोई कागज, ना पढ़ना जानता है ना उसके पास कोई कागज है। गरीब है तो ना उसके पास आवास है और ना ही आवास का कोई प्रमाण पत्र। ना ही बिजली का बिल, पानी का बिल इत्यादि है। ना ही उसका कोई बैंक अकाउंट है। ना ही वह कभी किसी विद्यालय में, कॉलेज में पढ़ा है तो उसकी पहचान वह स्वयं ही है।

राहुल को रोकने की शर्मनाक हठ

गुजरात की निचली कोर्ट एवं हाईकोर्ट द्वारा एक अवमानना मामले में राहुल गांधी को सुनाई गई सजा पर चाहे देश की सबसे बड़ी अदालत ने रोक लगा दी हो लेकिन लगता है कि उनकी लोकसभा में वापसी आसानी से नहीं होने वाली है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला देकर उनका संसद में लौटने का मार्ग तो प्रशस्त कर दिया, परन्तु लोकसभा के सचिवालय द्वारा जो बर्ताव किया गया है उससे साफ संकेत हैं कि सरकार और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी हरसंभव हथकंडे अपनाएगी कि राहुल संसद में दोबारा न बैठ सकें।

2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कोलार (कर्नाटक) में हुई एक जनसभा में राहुल ने कुछ भगोड़े कारोबारियों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि इन सबके सरनेम मोदी हैं। गुजरात के एक पूर्णेश मोदी ने यह कहकर उनके खिलाफ अवमानना की शिकायत दर्ज कर दी कि इससे मोदी सरनेम वाले लोग आहत व अपमानित हुए हैं। महानगरीय दण्डाधिकारी ने इस मामले के पुनर्जीवित होते ही सुनवाई की और राहुल को अवमानना का दोषी पाते हुए उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सत्र न्यायालय और फिर गुजरात हाईकोर्ट ने भी राहुल की अपीलों को दरकिनार कर दो साल की सजा बरकरार रखी। पहले प्रार्थी ने इस मामले को स्वयं ही लम्बित कराए रखा था परन्तु जब राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके व्यवसायी मित्र गौतम अदानी के संबंधों पर पहले अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' (कन्याकुमारी से कश्मीर) के दौरान और फिर लोकसभा में सवाल उठाए तो पूर्णेश मोदी ने मामले की पुनः सुनवाई करने का आवेदन प्रस्तुत किया। गुजरात की निचली कोर्ट ने तेज गति सुनवाई करते हुए राहुल को दो साल की सजा सुना दी जो इस अपराध में अधिकतम है। गुजरात की हाईकोर्ट ने भी उतनी ही गति से इस फैसले पर मुहर लगा दी। परिणामस्वरूप व नियमानुसार तत्काल राहुल की सांसदी निलम्बित हो गई। उतनी ही फुर्ती से उनका बंगला छिन लिया गया- बगैर उनका पक्ष सुने। इसके बावजूद राहुल का मोदी सरकार पर आक्रमण जारी रहा। जैसी कि आशंका थी कि राहुल को गुजरात की सीमा में न्याय मिलना मुश्किल है, वैसा ही हुआ; और जैसा कि अनुमान था कि उन्हें न्याय सुप्रीम कोर्ट से ही मिल सकेगा- वह भी वैसा ही हुआ। दरअसल राहुल की बढ़ती लोकप्रियता और जन समर्थन मोदी व भाजपा के लिए परेशानी बनी हुई है। उनके पैदल मार्च ने राहुल का कद काफी बढ़ा दिया है। मोदी सरकार की नाकामियों, मोदी-अदानी संबंधों, देश में बढ़ते साम्प्रदायिक तनाव और धार्मिक आजादी के हनन जैसे मुद्दों को लेकर राहुल देश-विदेश

सघन मिशन इंद्रधनुष का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

अभियान का पहला चरण 12 तक चलेगा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जानकीपुरी वार्ड 12 में सघन मिशन इंद्रधनुष के पहले चरण का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे व कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल तथा डॉ मुकेश पहाड़ी ने किया।

सोमवार को वार्ड 12 में नियमित टीकाकरण सत्र में जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने बच्चों को पोलियो दवा पिलाई। एएनएम ने मीजिल्स-रूबेला की दूसरी डोज दी। सभी पांच ब्लॉक स्तरीय सीएचसी-पीएचसी में भी अभियान शुरू हुआ। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने कहा कि नियमित टीकाकरण में किसी कारण से छूटे पांच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती महिलाओं को टीका लगाने का अभियान सोमवार से शुरू हुआ। ये चरण 12 अगस्त तक चलेगा।

जिलाध्यक्ष खरे ने परिजनों से अपील किया कि अपने घर के आसपास के बच्चों का टीकाकरण कराने को पीएचसी-सीएचसी जाने को प्रेरित करें। कोई भी बच्चा छूटा हो तो टीकाकरण करायें। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने

के बाद सामान्य बुखार में घबराने की जरूरत नहीं है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि आईएमआई 5.0 के पहले चरण को जिले के छूटे पांच वर्ष तक के 6300 बच्चों एवं 1500 गर्भवती को टीकाकरण का लक्ष्य है। सोमवार को 113 टीकाकरण सत्र हुए। अभियान में बच्चों को खासतौर से मीजिल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा। ये टीका गर्भवती को देने से उसका व गर्भस्थ शिशु को टिटनेस व डिप्थीरिया से बचाव करता है। बच्चों को 12 बीमारियों से बचाव को टीका लगाया जाता है। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के दूसरे चरण 11 से 16 सितंबर और तीसरे चरण 9 से 14 अक्टूबर तक चलेगा। इस मौके पर यूनिसेफ डीएमसी दिलीप द्विवेदी, एसएमओ डॉ श्याम, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक रूपनारायण, यूएनडीपी, एएनएम, आशा आदि

ग्रामीणों ने की सफाई कर्मी पर कार्यवाही की मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रैपुरा थाना क्षेत्र के भौंरी गांव के नरेन्द्रपाल उर्फ छितानी, कल्लू, प्रेम, रमदेइया, चुन्नी, रावेन्द्र कुमार ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि सफाई कर्मचारी रामलखन पुत्र रामसिया नशेडी है। आये दिन नशे में लोगों से फसाद करता रहता है।

सोमवार को भौंरी गांव के सफाई कर्मी से पीडित लोग जिलाधिकारी कार्यालय आये। कलेक्टेज्ट में पीडितों ने बताया कि सफाई कर्मी आशा पत्नी गोपाल उर्फ चुक्का पुत्र बडकू की पट्टे की भूमि पर बेजा कब्जा कर रहा है। दीवार तोडकर दरवाजा लगा दिया है। रैपुरा पुलिस व लेखपाल ने अवैध निर्माण को रुकवा दिया था। इसने पुनः पांच अगस्त को निर्माण शुरू करा दिया है। पुलिस के काम बन्द करवाने के बाद भी काम करवा रहा है।

पीडितों ने जिलाधिकारी से सफाई कर्मी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

25 क्वार्टर शराब समेत एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय की टीम ने 25 क्वार्टर देशी शराब समेत एक को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय व सिपाही बब्बू राजा शामिल रहे।

वेयरहाउस में रहे चौकस सुरक्षा: डीएम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित वेयरहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर एफएलसी हाल, सीसीटीवी कैमरे का संचालन व सुरक्षा व्यवस्था देखी। उन्होंने जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अफरोज खान को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा के मद्देनजर यहां पर गार्ड की व्यवस्था समेत सीसीटीवी कैमरे संचालित रहें। निरीक्षण में अपर उपजिलाधिकारी सौरभ यादव आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने दबोचे छह वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने छह वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने विद्युत अधिनियम के वारंटी पिन्टू यादव उर्फ तेजगीर पुत्र शिवकुमार उर्फ कल्लू निवासी खोह को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाश्रय प्रसाद की टीम ने दहेज हत्या के आरोपी राहुल, नत्थीलाल पुत्र लल्लू निवासी शंकर बाजार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली कर्वी के दरोगा राकेश मोर्या की टीम ने विद्युत अधिनियम के आरोपी दुर्गा प्रसाद पुत्र रामनारायण निवासी जगदीशगंज को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में चैकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग प्रवीण सिंह की टीम ने आबकारी अधिनियम के वारंटी विपिन उर्फ कल्लू पुत्र पंचा पटेल निवासी पटेलपुरवा खोही को गिरफ्तार किया। सरधुवा थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने आर्म्स एक्ट के वारंटी भोदु पुत्र सुन्दर केवट निवासी बडहर का पुरवा को गिरफ्तार किया है।

प्रधानाचार्य को दंड मिलना है आवश्यक? लायर्स यूनियन के अध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर के प्रधानाचार्य लैंगिक अपराध अधिनियम की धारा के अपराधी हैं, उन्हें दंड दिया जाना आवश्यक है।

सोमवार को आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि उन्होंने टीम के साथ पीडित परिवार से भेंट की है। भेंट में पीडित परिवार ने विस्तार से जानकारी दी है। पीडित परिवार की तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट नहीं लिखी गई। पुलिस की जांच में प्रकाश में आया है कि पीडिता की दी जानकारी और 164 के बयान पर अपराध होना आदर्श इंटर कालेज मानिकपुर में पाया गया है। ऐसे में कालेज के प्रधानाचार्य ने सबकुछ जानते हुए अपराध घटित हुआ है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 19 की उपधारा एक के तहत अपराध करने की रिपोर्ट प्रधानाचार्य पर बनती है।

उन्होंने प्रधानाचार्य के खिलाफ मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है।

शक्ति प्रदर्शन से रुकेगा ब्राम्हणों का उत्पीडन: राजेन्द्रनाथ त्रिपाठी

ब्राम्हण समाज की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि सभी ब्राम्हण संगठन के लोग एक सूत्र में संगठित हो जायें। ब्राम्हण शक्ति के प्रदर्शन से ब्राम्हण समाज का उत्पीडन रोका जा सकता है।

सोमवार को जिला मुख्यालय के श्याम दरबार होटल में अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि ब्राम्हण समाज को एकजुट हो जाना चाहिए।

एकजुटता से ही ब्राम्हण समाज खुद के उत्पीडन से बचा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी ब्राम्हण संगठनों के लोग एक सूत्र से संगठित हों। संगठन से ही ब्राम्हण समाज की पहचान बनेगी। उन्होंने ब्राम्हण समाज के उत्पीडन से बचाव को संगठित होने का मार्ग सुझाया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक भोलानाथ मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष अवधनारायण तिवारी व फतेहपुर के कुंडा जिला कमेटी अध्यक्ष समेत मऊ के पूर्व ब्लाक प्रमुख नवलकिशोर मिश्रा, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, रामसागर चतुर्वेदी, डॉ सुरेन्द्र द्विवेदी की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डेय ने आगन्तुकों के प्रति आभार जताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवसागर पाण्डेय ने ब्राम्हण समुदाय के एकत्र होने पर साधुवाद ज्ञापित किया।

अखिल भारतीय ब्राम्हण महासभा ने आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 में ब्राम्हण समाज के प्रत्याशी के बतौर श्रीमती रुचि शुक्ला की मौजूदगी में सभी ब्राम्हणों ने स्वागत किया।

गोवशों को अन्ना छोडने पर करायें रिपोर्ट: एसडीएम

एसडीएम ने गौवंश संरक्षित करने को की बैठक

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। उपजिलाधिकारी रामजन्म यादव ने गौ संरक्षण बाबत तहसील स्तरीय बैठक में सचिव व प्रधानों से कहा कि सभी शासकीय गौशालाओं में गोवंश संरक्षित करायें। कोई भी गोवंश सड़कों में नहीं घूमना चाहिए। अन्यथा सचिव-प्रधान पर कार्यवाही होगी।

सोमवार को मानिकपुर तहसील सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम रामजन्म यादव ने कहा कि गौशालाओं के कर्मचारी गोवंशों को चराने ले जाते हैं। सभी गोवंश सुरक्षित गौशालाओं में बंद करायें। गोवंश चरवाहों को ये निर्देश

दिये जायें। उन्होंने तहसील मानिकपुर के 54 शासकीय गौशालाओं में सभी जगह चारागाह की भूमि चिन्हित कर दी गई है। गोवंशों को हरा चारा खिलायें। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि नियमित रूप से सभी गौशालाओं का निरीक्षण करें। कोई भी गोवंश बीमार नहीं होना चाहिए। गौशालाओं के गोबंशो का स्वास्थ्य परीक्षण समय से करायें।

उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति व्यक्तिगत पशु अन्ना छोड़ता है तो उसके खिलाफ संबंधित थाना में रिपोर्ट दर्ज करायें। किसी भी दशा में किसानों की फसलों को क्षति नहीं होनी चाहिए, ये हम सब की जिम्मेदारी है। बैठक में पशु चिकित्साधिकारी मानिकपुर, भौरी, रैपुरा, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर धनंजय सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व लेखपाल, कानूनगो व प्रधान मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही मनरेगा योजना

मनरेगा में सिस्टम की खुल रही पोल, फर्जी फोटो अपलोड कर हो रहे भुगतान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में लाखों मजदूर काम कर जीवन यापन कर रहे हैं। मजदूरों के जीवन यापन में ये योजना अहम भूमिका निभाती है, लेकिन ये योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। बिना कार्य करने वाले मजदूरों का कार्य दिखाकर भुगतान लिए जा रहे हैं। कार्य करने वाले मजदूरों को काम नहीं मिल रहा।

सोमवार को जिले के पांचों ब्लाकों में ग्राम पंचायतों में मौके पर काम नहीं हो रहा है। प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से फजीर्वाड़ा हो रहा है। बिना कार्य कराए फर्जी फोटो अपलोड कर मजदूरों का कार्य

दिखाया जा रहा है। ज्यादातर मनरेगा मजदूर सिर्फ कागजी आंकड़ों में काम करते हैं। उनका भुगतान करा लिया जा रहा है। साइड में न काम चल रहा है और न ही कोई मजदूर काम करते दिख रहे हैं। मनरेगा योजना से कराए कार्यों के कागजी आकंड़ों पर देखें तो रोजाना हजारों मजदूर काम कर रहे हैं। वास्तविक मनरेगा मजदूर रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी मौन सहमति देकर लूट की छूट दे रखे हैं।

ग्राम पंचायतों में मनरेगा से विकास कार्यों में फर्जी फोटो अपलोड कर व फर्जी मस्टर रोल भरकर सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है। प्रधान, सचिव व रोजगार सेवक की इसमें बड़ी भूमिका है। बिना कार्य के ही फर्जी ढंग से एमबी कर तकनीकी सहायक भी कमीशनखोरी के फेर में सरकारी धन को ठिकाने लगा रहे हैं। मनरेगा से कार्यों में उपायुक्त श्रम एवं रोजगार समेत कार्यक्रम अधिकारी (बीडीओ), अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) की भूमिका संदिग्ध है। जो कमीशनखोरी के फेर में सरकारी धन के बंदरबाट में जुटे हैं। जिला प्रशासन मनरेगा से कराए विकास कार्यों में हो रहे फजीर्वाड़े की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से करायें तो बड़े भ्रष्टाचार का खुलासा सम्भव है।

पठानकोट पुलिस की कार्रवाई ने मुरादपुर (दत्तयाल) गांव में अवैध खनन के प्रयासों को किया विफल

पठानकोट। अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ एक दृढ़ और त्वरित प्रयास में, पठानकोट पुलिस ने गांव मुरादपुर (दत्याल) में एक गहन अभियान चलाया है, जिसके परिणामस्वरूप अवैध खनन निष्कर्षण में लगे लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

7 अगस्त, 2023 को प्राप्त एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस स्टेशन नरोट जयमल सिंह पठानकोट के स्टेशन हाउस अधिकारी ने अवैध खनन के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू की और तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए एक विशेष पुलिस टीम को घटनास्थल पर भेजा गया था।

घटना स्थल पर पहुंचने पर, टीम ने एक पॉकलेन मशीन (चेन एक्सकेवेटर, मॉडलः रड220उछउ-10, सीरियल नंबरः द15510114) को जब्त कर लिया, जो आवश्यक प्राधिकरण के बिना खनन कर रही थी। इसके अलावा, एक टिप्पर, पंजीकरण संख्या पीबी65टी8310 को जब्त कर लिया गया, जिसका चालक और अन्य व्यक्ति टीम की उपस्थिति का पता चलने पर मौके से भाग गए।

बाद की जांच में एक टाटा हैरियर कार (ढइ02एए8870) भी जब्त कर ली गई है, जिसे आरोपी मौके पर छोड़कर भाग गए थे।

इसके अलावा अवैध खनन स्थल की जांच में हाल ही में हुई खुदाई के संकेत मिले हैं।

आगे की कार्रवाई में, मलिकपुर में तैनात कठुआ उप-मंडल के कनिष्ठ अभियंता और खनन निरीक्षक को संबंधित अधिकारियों की सहायता से सूचित किया गया और पुलिस स्टेशन नरोट जयमल सिंह में खान और खनिज अधिनियम, 1957 की धारा 21 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में पुष्टि हुई है कि जब्त वाहन दशमेश क्रशर से संबंधित हैं। सभी व्यक्तियों की उचित पहचान सुनिश्चित करने के लिए खनन विभाग के साथ मिलकर काम चल रहा है।

वरिष्ठ पुलिस कप्तान हरकमल प्रीत सिंह खख ने इस ऑपरेशन की सराहना करते हुए पुलिस के अच्छे काम की सराहना की और कहा, "हमारी पुलिस इकाई कानून लागू करने और हमारे पर्यावरण की रक्षा के लिए अपरिहार्य है। यह सफल ऑपरेशन एक संदेश देता है कि अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।"

अवैध खनन के खतरे पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीमों द्वारा इस मामले में आवश्यक सभी व्यक्तियों को पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

बिछडी महिला को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर गुमशुदा को अपनों से मिलाने को जारी आपरेशन मुस्कान में चैकी प्रभारी सीतापुर जनार्दन प्रताप सिंह की अगुवाई में ड्यूटी पर मौजूद सिपाही शुभम शर्मा, अभिषेक प्रताप सिंह, अनुज यादव व सोमदेव के प्रयास से मीना देवी पत्नी कमलेस्वरी ठाकुर निवासी भागलपुर बिहार रामघाट घूमने आयी थी। वह अपने परिजनों से बिछड़ गयी थी। जहां रुकी थी वहां का पता बताने में असमर्थ थी। काफी समय तक महिला के परिजनों की पहचान को आश्रमों में गये। महिला को स्फटिक शिला के पास स्थित रावतपुरा सरकार ट्रस्ट आश्रम ले जाया गया। महिला ने बताया कि वह यहीं रुकी थी। उसके साथ वाले यहीं है। महिला के परिजनों की पहचान कराकर उसे सुपुर्दगी में दिया। महिला के परिजनों से मिलकर चेहरे पर मुस्कान खिल गई। उसने पुलिस को धन्यवाद कहा।

राजापुर पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई दरोगा बलदेव सिंह यादव की टीम ने चोरी व माल बरामद के वारंटी तेजवा पुत्र बृजमोहन निवासी जमौली व मलबे निषाद पुत्र सुन्दरलाल निवासी सेमरिया थाना धाता जिला फतेहपुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा बलदेव सिंह यादव, सिपाही विजय पटेल व मनोज कुमार शामिल रहे।

मारकुण्डी में मिला महिला का अर्धनग्न शव, परिजनों ने जताई दुष्कर्म की आशंका

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले के मारकुण्डी थाने के छेरिहाखुर्द गांव के खेत में महिला का अर्धनग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची मारकुंडी पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम जांच में जुट गई है। ये घटना मारकुंडी थाना क्षेत्र के छेरियाखुर्द गांव में रविवार की है। बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का शव खेत में पडा है। परिजनों ने बताया कि मृतक महिला भैंस ढूंढने बरदहा बांध की ओर दोपहर में गई थी। काफी देर तक घर न लौटने पर मारकुंडी क्षेत्र में खोजबीन की गई। बांध के पास से एक चरवाहे ने पुलिस को सूचना दी कि महिला का शव पड़ा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। मृतक महिला की पहचान हो गई है।

इस बाबत मारकुंडी थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि परिजनों ने दुष्कर्म की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम बाद खुलासा होगा।

अल्पकालखंड में कमलेश कैसे बना दौलतमन्द, खुफिया विभाग तलाश रहा कमलेश के राज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पाकिस्तान के दो हिंदू परिवारों को आश्रय देने वाले कमलेश पटेल की तरक्की की जांच में खुफिया विभाग की टीम जुट गई है। टीम ये पता लगा रही है कि उसका चित्रकूट के किस अखाड़े से संबंध है।

सोमवार को खुफिया विभाग कमलेश पटेल के दिल्ली आने-जाने के सिलसिले की भी जांच कर रही है। दस साल पहले छोटे से घर में रहने वाले संग्रामपुर गांव के कमलेश पटेल ने गांव में बड़ा मकान कैसे बनवाया। मकान में आधुनिक सुविधायें कहां से मुहैया कराई। उसने रुपया कहां से अर्जित किया।

बताया गया कि एक अखाड़े के महंत की फोटो लगाकर नवजात बच्चों का अनाथालय गांव में चलाता है। इस अनाथालय में कोई बच्चा नहीं है। इसका संचालन कैसे हो रहा है, इसकी पड़ताल हो रही है। संग्रामपुर गांव के लोग कमलेश के बारे में बताते हैं कि कई साल पहले वह बालू-गिट्टी के काम में ठेकेदार को सामग्री बेंचने में सहयोग करता था। परिवार बेहद सीधा सादा जीवन बिताता है। इधर कुछ सालों से कमलेश ने तेजी से तरक्की के रास्ते तय किये हैं। गांव में ही कई स्थान पर उसने जमीने खरीदी हैं। एक अखाड़े में उसका आना- जाना क्या हुआ, वह तो दौलतमन्दों की श्रेणी में शुमार हो गया। उसने वहां का शिष्य बनकर अनाथालय खोला। महंत की फोटो लगाकर गांव-गांव में होर्डिंग लगाई। लावारिस नवजातों को फेंके नहीं, अनाथालय में पहुंचायें। नाम गुप्त रखा जाएगा। इसका कार्यालय गांव में ही है, मौके पर कोई बच्चा नहीं मिला। दिल्ली आने-जाने की ठोस वजह की भी तलाश खुफिया विभाग कर रहा है।

बाढ़ वाले भोलेनाथ सेवा समिति द्वारा बनाए जा रहे नदी तट पर पार्थिव शिवलिंग

विदिशा। नदी स्थित बाढ़ वाले घाट पर बाढ़ वाले भोले नाथ सेवा समिति द्वारा बेतवा सावन में पिछले आठ सालों से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जा रहा है। इस वर्ष भी पार्थिक शिवलिंग निर्माण किया गया और दूसरे सोमवार को शहर के शिव भक्तों द्वारा विशेष अभिषेक किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग का निर्माण बेतवा नदी में आई हुई मिट्टी से किया जाता है। मूर्ति कलाकार अशोक विश्वकर्मा, अध्यक्ष बद्री साहू ,संतोष विश्वकर्मा ,मनोज कारपेंटर ,हेमंत शर्मा, मुन्नालाल तिवारी ,नरोत्तम सोनी ,हितेंद्र रघुवंशी , बबलू विश्वकर्मा , अरविंद चौरसिया ,रत्नेश सोनी ,संतोष नेमा, छतर सिंह लोहार ,आनंद नगर, गोवर्धन कुशवाह, मनमोहन सिंह बघेल ,मनीष विश्वकर्मा ,हिम्मत साहू ,सुनिल आदि भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया।

Pakistan PM Change: एक बार फिर से पाकिस्तान में बदलने वाला है प्रधानमंत्री, शहबाज शरीफ का क्या होगा?

इस्लामाबाद। पिछले साल ही नाटकीय घटनाक्रम के बाद प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने वाले शहबाज शरीफ के बाद अब पाकिस्तान को नया पीएम मिल सकता है। पाकिसतान में प्रधानमंत्री के बदले जाने की वजह राजनीतिक उथल पुथल नहीं, बल्कि देश में होने वाले आम चुनाव हैं। 9 अगस्त को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नेशनल असेंबली को भंग करने के लिए राष्ट्रपति को औपचारिक सलाह भेजेंगे। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, विघटन को प्रभावी बनाने के लिए राष्ट्रपति को 48 घंटों के भीतर सलाह पर हस्ताक्षर करना होगा। जिसके बाद कार्यवाहक पीएम को सत्ता सौंप दी जाएगी और चुनाव करवाए जाएंगे।

शहबाज शरीफ का क्या होगा

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने गुरुवार को 9 अगस्त को नेशनल असेंबली को भंग करने की घोषणा की है। पाकिस्तान के संविधान के मुताबिक अगर संसग अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो जाती है तो चुनाव 90 दिनों के भीतर होने चाहिए। नेशनल असेंबली भंग होने के बाद शहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इसके बाद उनका अगला मिशन आम चुनाव जीतना होगा। यही वजह है कि वो पद छोड़ते ही चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे। जेल जाने के बाद भी जिस तरह से इमरान खान की लोकप्रियता बढ़ रही है, उसकी काट ढूंढ़ना ही शहबाज का सबसे बड़ा सिरदर्द होने वाला है।

Tunisia में नौका डूबने के बाद आठ प्रवासियों के शव बरामद

ट्यूनिश। ट्यूनीशिया के बंदरगाह शहर स्फैक्स के तट पर पिछले दो दिनों में आठ प्रवासियों के शव बरामद किए गए हैं। उनकी नौकाएं यूरोप जाने के रास्ते में भूमध्य सागर को पार करने के दौरान

डूब गई थीं। स्फैक्स अदालत के प्रवक्ता फौजी मसमौदी ने रविवार को कहा कि नागरिक सुरक्षा बचाव दल और तट रक्षकों को पिछले दो दिनों से स्फैक्स के समुद्र तटों पर प्रवासियों के शव मिल रहे हैं, जो समुद्र की लहरों में बह कर तटों पर आ रहे हैं। ट्यूनीशिया के अधिकारियों का अनुमान है कि लगभग 17,000 लोग स्फैक्स क्षेत्र में मौजूद हैं जो यहां से 190 किलोमीटर दूर इटली और यूरोप के अन्य हिस्सों में जाने को प्रयासरत हैं।

Morocco में रास्ते में पलटी मिनीबस, दुर्घटना में 24 लोगों की मौत

रबात। मोरक्को के अजीलल प्रांत में एक बस दुर्घटना में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। यह देश में हाल के वर्षों में सबसे भीषण दुर्घटनाओं में से एक है। मोरक्को की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'एमएपी' ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना उस वक्त हुई, जब एक मिनीबस मोरक्को के छोटे से शहर डेम्नेट में साप्ताहिक बाजार के रास्ते में एक मोड़ पर पलट गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

आगामी विश्व युवा दिवस वर्ष 2027 में दक्षिण कोरिया के सियोल में होगा: पोप फ्रांसिस

लिस्बन। पोप फ्रांसिस ने घोषणा की कि आगामी भव्य कैथोलिक धार्मिक उत्सव 'विश्व युवा दिवस'(वर्ल्ड यूथ डे) का आयोजन वर्ष 2027 में दक्षिण कोरिया के सियोल में होगा। इस घोषणा से वर्ष 1995 के बाद इस उत्सव का आयोजन फिर से एशिया में होने जा रहा है। इसके पहले 1995 में फिलिपीन के मनीला में आयोजित इस उत्सव में लाखों

लोग शामिल हुए थे। फ्रांसिस ने लिस्बन में विश्व युवा दिवस के समापन पर सियोल में होने वाले आयोजन की घोषणा की।

पेशावर में पुलिस वैन पर हुए आतंकी हमले में घायल कांस्टेबल ने दम तोड़ा

पेशावर। पाकिस्तान में पेशावर के बड़ाबेर में पुलिस वैन पर हुए आतंकी हमले में घायल कांस्टेबल यार मोहम्मद की मौत हो गई। इस हमले अन्य दो पुलिसकर्मी बुरी तरह जख्मी हुए हैं। फिलहाल किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आतंकी हमले में घायल कांस्टेबल यार मोहम्मद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के

इस्लामाबाद के साथ अपना संघर्ष विराम समाप्त करने के बाद हाल के महीनों में आतंकवादी वारदात में इजाफा हुआ है।

पाक सरकार ने जनगणना के नतीजों को मंजूरी दी, आम चुनाव में हो सकता है विलंब

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एक शीर्ष संवैधानिक निकाय ने नई जनगणना के नतीजों को शनिवार को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी, जिससे देश में आम चुनाव में थोड़ा विलंब हो सकता है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में 'काउंसिल ऑफ कॉमन इंटरेस्ट' (सीसीआई) की हुई बैठक में योजना मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान की आबादी 24.01 करोड़ हो गई है। इस बैठक में कैबिनेट मंत्रियों, प्रांतीय मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में शामिल हुए सभी लोगों ने सर्वसम्मति से मार्च और अप्रैल में की गई जनगणना के नतीजों को मंजूरी दे दी। जनगणना कर्मियों ने घर-घर जाकर आंकड़े जुटाए हैं, जबकि लोगों के पास ऑनलाइन माध्यम से भी अपने परिवार का विवरण देने का विकल्प था। इसके बाद, पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) के लिए जरूरी है कि वह चुनाव के लिए पूरे देश में नए चुनावी जिलों को निर्धारित करने के वास्ते परिसीमन की कवायद नए सिरे से शुरू करे, जिससे नेशनल असेम्बली (संसद) का मौजूदा कार्यकाल खत्म होने के बाद 60 या 90 दिन की अवधि में चुनाव कराने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है।ईसीपी के पूर्व सचिव कंवर दिलशाद ने पहले जियो न्यूज को बताया था कि अगर सीसीआई ने 2023 की जनगणना को मंजूरी दे दी, तो चुनाव 2024 में होंगे। उन्होंने कहा था, ÷अगर सीसीआई की सिफारिश पर नई डिजिटल जनगणना की गजट अधिसूचना जारी की जाती है। तो ईसीपी संविधान के अनुच्छेद 51(5) के तहत नए सिरे से परिसीमन करने के लिए कानूनी रूप से बाध्य है।

नेपाल में दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच के आदेश, चार पूर्व मंत्रियों के खिलाफ अरेस्ट वारंट

काठमांडू। नेपाल के चर्चित ललिता निवास जमीन घोटाले की सुनवाई कर रहे सुप्रीम कोर्ट ने दो पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। इस जमीन घोटाले में अब तक पकड़े गए अभियुक्तों की जमानत पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में दो पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई की भूमिका की भी जांच की जाए।

सुप्रीम कोर्ट के दो जजों के बेंच ने पुलिस को आदेश जारी किया है कि इस घोटाले में न सिर्फ दो पूर्व प्रधानमंत्री बल्कि उनके कार्यकाल में रहे सरकार के मुख्य सचिव और विभागीय मंत्रियों की भूमिका की भी जांच की जाए। इसी बीच इस जमीन घोटाले में शामिल होने के आरोप में जिन पूर्व मंत्रियों पर मुकदमा चल रहा है उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हो गया है।

जमीन घोटाले की जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने पूर्व उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री समेत रहे विजय कुमार गच्छदार, पूर्व मंत्रियों डम्बर बहादुर श्रेष्ठ, चन्द्रदेव जोशी और संजय कुमार साह के खिलाफ जिला अदालत काठमांडू से अरेस्ट वारंट जारी करवा लिया है।

ललिता निवास जमीन घोटाला एक सोची समझी नीतिगत भ्रष्टाचार का मामला है



जिसमें कुछ व्यापारिक लोगों के निजी स्वार्थ में पूरा का पूरा सरकारी तंत्र सम्मिलित था। इतना ही इस पूरे जमीन घोटाले को अंजाम देने के लिए कई मंत्रालयों के सचिव से लेकर मंत्री तक और मुख्य सचिव से लेकर प्रधानमंत्री तक शामिल हैं। काठमांडू शहर के बीचों बीच प्रधानमंत्री निवास के आसपास की करीब 1.5 लाख स्क्वायर मीटर सरकारी जमीन को फर्जी दावेदार बनाकर कैबिनेट के फैसले द्वारा पहले उसका निजीकरण किया गया और बाद में महंगे दामों में विभिन्न व्यापारिक घरानों को बेच दिया गया। चूंकि यह फैसला दो अलग-अलग सरकारों की कैबिनेट से हुआ इसलिए यह ऐसा भ्रष्टाचार है जिसमें पूरा सरकारी तंत्र, विभाग, मंत्रालय, मंत्री, सचिव, मुख्य सचिव और प्रधानमंत्री तक की सहभागिता है। नेपाल के सबसे बडे घोटालों में एक माने जाने वाले ललिता निवास जमीन घोटाला कांड में अब तक पूर्व उपप्रधानमंत्री से लेकर कई मंत्री, सरकार के उच्च पदस्थ अधिकारी तथा बडे व्यापारिक घराने के लोगों के ही खिलाफ विशेष अदालत में मुकदमा चल ही रहा है।

इस बार सरकार एक सचिव सहित कुछ पूर्व सचिवों को हिरासत में ले लिया गया है। नेपाल के सबसे बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर भाटभटेनी के मालिक मीन बहादुर गुरूंग भी हिरासत में है। जिन अन्य व्यापारियों के नाम इस घोटाले में शामिल हैं वो सभी फरार हो गए हैं।

पाकिस्तान में ट्रेन हादसे से मातम, हताहतों की संख्या में इजाफा, अब तक 30 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में ट्रेन हादसे के बाद मातम पसरा हुआ है। हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सोमवार सुबह तक मृतकों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। सिंध प्रांत के नवाबशाह शहर के पास हजारा एक्सप्रेस ट्रेन की 10 बोगियां पटरी से उतर गई थीं। प्रारंभिक खबरों में 15 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी। घायल 72 यात्रियों को अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नवाबशाह के सरहरी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ। यह ट्रेन कराची से रावलपिंडी जा रही थी। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने अपने गृह जिला नवाबशाह के बेनजीराबाद के पीपुल्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मीडिया से बातचीत में 30 लोगों के मरने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर घायलों को कराची ले जाया जा सकता है।

अस्पताल के उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रियाज अहमद उमरानी ने भी पुष्टि की है कि अस्पताल में 30 शव लाए गए हैं। इनमें से 21 को उनके वारिसों को सौंप दिया गया है। शेष नौ अस्पताल में हैं। अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार कोल्ड स्टोरेज में रखे गए दो यात्रियों के अवशेषों को छोड़कर सभी शवों की पहचान कर ली गई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. असदुल्ला दाहिरी ने कहा कि दुर्घटना में कम से कम 72 लोग घायल हो गए।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर लंदन में साड़ी वॉकेथॉन का आयोजन

लंदन। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के मौके पर भारतीय मूल की सैकड़ों महिलाएं भारत के विभिन्न राज्यों की साड़ियां पहनकर मध्य लंदन की सड़कों पर निकलीं। ब्रिटिश वुमन इन साड़ी द्वारा समन्वित साड़ी वॉकेथॉन ट्रेफेलगर स्क्वायर से शुरू होकर पार्लियामेंट स्क्वायर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खत्म हुई।

गुजरात, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, केरल और दिल्ली सहित अन्य राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं ने एक किलोमीटर लंबे मार्ग पर देशभक्ति के नारे लगाए और

राष्ट्रगान के साथ वॉकेथॉन समाप्त किया।

केरल से संबंध रखने वाली एक समन्वयक डॉ हेमा संतोष ने कहा कि इस आंदोलन के राजदूत के रूप में हम आभारी महसूस करते हैं। हमने कलाकारों और बुनकरों को सुर्खियों में लाने और उनकी कला को एक मुकाम पर पहुंचाने के अपने शुरुआती प्रयासों में अपार सफलता हासिल की है और हर कोई उनके बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक है।

नाइजर में राष्ट्रपति को बहाल करने की समय सीमा हो रही खत्म

नाइजर। नाइजर में तख्तापलट करने वाली सेना को लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को बहाल करने के लिए दी गई समयसीमा समाप्त हो रही है। इस बीच, ऐसा न करने पर सैन्य हस्तक्षेप की धमकी देने वाले पश्चिमी अफ्रीका क्षेत्रीय संगठन से अधिक शांतिपूर्ण तरीके अपनाने की अपील की जा रही है। पड़ोसी नाइजीरिया की सीनेट ने शनिवार को क्षेत्रीय ब्लॉक इकोनॉमिक कम्युनिटी ऑफ वेस्टर्न अफ्रीकन स्टेट्स (ईसीओडब्ल्यूएएस) की योजना का विरोध किया है और ब्लॉक के वर्तमान अध्यक्ष नाइजीरियाई राष्ट्रपति से बल प्रयोग से इतर विकल्प तलाशने का आग्रह किया। ईसीओडब्ल्यूएएस नाइजीरिया के विरोध के बावजूद आगे बढ़ सकती है, क्योंकि अंतिम फैसला सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से लिया जाता है, लेकिन रविवार की तय समयसीमा की पूर्व संध्या पर जारी चेतावनी हस्तक्षेप को लेकर सवाल पैदा करती है।

पाकिस्तान ने रोकी ईरान के साथ वाली अरबों डॉलर की गैस पाइपलाइन परियोजना, अमेरिकी दबाव में लिया फैसला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने ईरान के साथ अरबों डॉलर के गैस पाइपलाइन समझौते पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका के दबाव के चलते पाकिस्तान ने यह फैसला लिया है। बता दें कि ईरान के साथ गैस पाइपलाइन योजना से पाकिस्तान को सस्ती गैस मिलनी थी, लेकिन ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते पाकिस्तान इस परियोजना से फिलहाल पीछे हट गया है।

आईएमएफ से लोन के ऐसे में तीन अरब डॉलर के लोन के लिए पाकिस्तानी सरकार की अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

(आईएमएफ) से बातचीत चल रही है। माना जा रहा है कि आईएमएफ से डील में कोई परेशानी ना हो, इसलिए पाकिस्तान, ईरान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट से बाहर निकल गया है। पहले इस गैस पाइपलाइन परियोजना में भारत भी शामिल था लेकिन बाद में भारत इस डील से बाहर आ गया था।

पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि 'बाहरी दबाव' के चलते इस्लामाबाद ने ईरान गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट पर रोक लगाई है। पाकिस्तान तब तक इस परियोजना पर आगे नहीं बढ़ पाएगा, जब तक ईरान को अमेरिकी प्रतिबंधों से राहत नहीं मिल जाती या फिर अमेरिका चुपचाप, पाकिस्तान को इसकी मंजूरी नहीं दे देता। पाकिस्तान ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, ऐसे में ईरान पाकिस्तान गैस पाइपलाइन का काम रुकना उसके लिए बड़ा झटका है।

'वॉशिंगटन में नहीं होगी निष्पक्ष सुनवाई', चुनाव नतीजे पलटने से जुड़े केस में ट्रंप ने की जज बदलने की मांग

मास्को। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि 2020 के चुनाव धोखाधड़ी मामले में उन्हें नहीं लगता कि निष्पक्ष सुनवाई होगी। इसलिए वह अपने ऊपर लगाए गए आपराधिक मुकदमे की निगरानी एक अलग न्यायाधीश से कराने और मामले को वाशिंगटन से बाहर स्थानांतरित करने के लिए याचिका दायर करेंगे।

यह है मामला

बता दें कि साल 2020 में हुए चुनाव में ट्रंप को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उन्होंने चुनावी नतीजों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद 6 जनवरी 2021 को ट्रंप समर्थकों ने राजधानी पर धावा बोल दिया था। डोनाल्ड ट्रंप सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में

असफल माने गए। इसके बाद ट्रंप पर आरोप लगे कि वह हार के बावजूद पद पर बने रहे। इसलिए ट्रंप पर साल 2020 में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को पलटने की कोशिश करने का आरोप है। इस मामले की जिम्मेदारी न्यायाधीश तान्या छुटकन को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सौंपी थी।

सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि वॉशिंगटन में ऐसा कोई भी रास्ता नहीं है कि उन्हें सुनवाई का निष्पक्ष मौका मिले। इसलिए मामले को किसी और अदालत में स्थानांतरित करने की मांग करेंगे। बता दें, रविवार दोपहर तक अदालत में कोई औपचारिक अनुरोध दायर नहीं किया गया था। वहीं, कोलंबिया के जिला न्यायालय ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया।

देश बर्बाद हो रहा

पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि आरोप कई वर्षों बाद अब लगाए गए हैं, जब चुनाव होने वाले हैं। इससे साफ है कि यह सिर्फ साजिश है। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि अमेरिका के लोग यह देख रहे हैं। हमारा देश बर्बाद हो रहा है। इसे फिर से महान बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम तुरंत मामले की सुनवाई किसी अन्य न्यायाधीश से करवाने की मांग करेंगे। इसके साथ ही मामले को अन्य कहीं और स्थानांतरित करवाने को लेकर एक याचिका भी दायर करेंगे।

पहले भी लगा चुके स्मिथ पर आरोप

इससे पहले उन्होंने कहा था कि मैंने सुना है कि विशेष अधिवक्ता जैक स्मिथ 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए मुझ पर एक और फर्जी अभियोग लगाएंगे। उन्होंने ढाई साल पहले ऐसा क्यों नहीं किया? उन्होंने इतना लंबा इंतजार क्यों किया? क्योंकि वे इसे मेरे अभियान के ठीक बीच में रखना चाहते थे। यह अभियोजन पक्ष के दुर्व्यवहार को दर्शाता है।

कौन हैं न्यायाधीश तान्या

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, तान्या छुटकन 6 जनवरी, 2021 में वाशिंगटन पर हमला करने वाले ट्रंप समर्थकों के लिए एक कठोर दंड देने वाली जज के रूप में पहचानी जाती हैं। उन्हें ट्रंप द्वारा नियुक्त फ्लोरिडा के संघीय न्यायाधीश एलीन कैनन की तुलना में अधिक 'सख्त' माना जाता है।

ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत, एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज अभी तक कमजोर संकेत हैं। पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुआ था। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान वॉल स्ट्रीट लगातार चौथे कारोबारी दिल गिरावट के साथ बंद हुआ। डाउ जॉन्स 150.27 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 35,065.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,478.03 अंक के स्तर पर किसने सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.36 प्रतिशत गिर कर 13,909.24 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार के तीनों सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार कर के बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,564.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.75 प्रतिशत की छलांग लगाकर 7,315.07 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.3 7 प्रतिशत की तेजी के साथ 15,951.86 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 बाजारों के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 बाजारों के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.02 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 19,592 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 32,214.32 अंक के स्तर पर बना हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 162.40 अंक यानी 0.96 प्रतिशत उछल कर 17,006.08 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.44 प्रतिशत मजबूत होकर 3,307.03 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 6,871.97 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।